संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-194 गुरूवार, 16 मई 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## संक्षिप्त खबर

### प्रबीर पुरकायस्थ की हुई रिहाई



**» सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी को बताया अवैध...**

**नई दिल्ली,15 मई 2024(ए)।** सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यों वाली बेंच ने न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ को रिहा करने का आदेश दिया है।

### ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे का हुआ निधन



**दिल्ली/ग्वालियर,15 मई 2024 (ए)।** ग्वालियर राजघराने की राजमाता और ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे सिंधिया का निधन हो गया। बुधवार सुबह दिल्ली एम्स में उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। पिछले महीनेभर से वह बीमार थीं। चुनाव के दौरान भी कई बार तबीयत बिगड़ी, जिस कारण ज्योतिरादित्य सिंधिया व परिवार के अन्य सदस्यों को चुनाव प्रचार छोड़कर दिल्ली जाना पड़ा।

### चंद्रचूड़ ने भारतीय पत्रकारों की तारीफ की



**नई दिल्ली,15 मई 2024(ए)।** देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ इन दिनों जे-20 देशों के सुप्रीम कोर्ट के प्रमुखों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के दूसरे सबसे बड़े शहर रियो-डि जेनेरो गए हुए हैं। शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने भारतीय पत्रकारों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि गलत सूचनाओं के रोकने और कानूनी कार्यवाही की गलतफहमी को दूर कर सटीक अदालती समाचारों को सबके सामने लाने में भारत के कानूनी पत्रकार बखूबी भूमिका निभा रहे हैं।

# क्या राम मंदिर बीजेपी को दिला रहा है वोट

**» मामला अयोध्या की आसपास की 5 सीटों का पूरा गणित**

**नई दिल्ली,15 मई 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर 20 मई को मतदान कराया जाएगा। इसमें फैजाबाद (अयोध्या) सीट भी शामिल है। अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद यह पहला लोकसभा चुनाव है। फैजाबाद के आसपास की कई सीटों पर भाजपा का कब्जा है। इनमें कैसरगंज,अमेठी और लखनऊ की सीट शामिल है। इस चरण में उत्तर प्रदेश में इन सीटों के अलावा मोहनलाल गंज, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा,फतेहपुर,कौशांबी,बाराबंकी, रायबरेली और गोण्डा सीट पर मतदान कराया जाएगा।

### राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहला चुनाव

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद फैजाबाद में यह पहला लोकसभा चुनाव हैं। इस सीट पर 2019 में भाजपा के लल्लू सिंह ने जीत दर्ज की थी।भाजपा ने एक बार फिर उन पर भरोसा जताया है। वहीं इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी इस सीट पर चुनाव लड़ रही है। इस सामान्य सीट पर सपा ने अनुसूचित जाति के अवधेश प्रसाद को मैदान में उतारा है.। वहीं बसपा के टिकट पर सच्चिदानंद पांडेय चुनाव मैदान में हैं। इंडिया गठबंधन में शामिल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने भी इस सीट पर अपना उम्मीदवार उतार दिया है। उसकी टिकट पर अरविंद सेन यादव चुनाव लड़ रहे हैं। वे फैजाबाद से तीन बार सांसद रहे मित्रसेन अगर 2024 की लड़ाई की बात करें तो भाजपा के लिए राह आसान नहीं दिखती है,क्योंकि 2014 की तुलना में उसकी जीत का अंतर 2019 में काफी घट गया था। यानी की सपा से उसे काफी चुनौती मिली.वहीं इस बार चुनाव में सीपीआई के आने से सपा के लिए मुश्किलें पैदा हो गई हैं। सीपीआई उम्मीदवार अरविंद सेन यादव 2019 के चुनाव में उम्मीदवार रहे आनंद सेन यादव के भाई हैं। राम मंदिर का मुद्दा भाजपा को वोट दिलाने में कामयाब होता है या नहीं, इसका पता तो चार जून के बाद ही चल पाएगा।




### क्या लखनऊ में जीत की हैट्रिक लगा पाएंगे राजनाथ?

अगर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की बात करें तो रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जीत की हैट्रिक लगाने के लिए चुनाव मैदान में हैं। लखनऊ सीट भाजपा की परंपरागत सीट मानी जाती है। भाजपा इस सीट पर पहली बार 1991 में जीती थी। उसके बाद से लखनऊ में उसे कोई हरा नहीं पाया है।अगर पिछले तीन चुनावों की बात करें तो 2009 में यहां से लालजी टंडन जीते थे। उन्होंने कांग्रेस की रीता बहुगुणा जोशी को 40 हजार से अधिक वोटों के अंतर से हराया था। भाजपा को 34.9 और कांग्रेस को 27.9 फीसदी वोट मिले थे।इस बार भाजपा ने एक बार फिर राजनाथ सिंह पर ही भरोसा जताया है। सपा ने उनके सामने लखनऊ मध्य विधानसभा सीट से विधायक रविदास मल्होत्रा को उम्मीदवार बनाया है।वहीं बसपा ने मोहम्मद सरवर मलिक को उम्मीदवार बनाया है।

### क्या सीट बदलने से जीत जाएंगे राहुल गांधी?

इस साल कांग्रेस ने अमेठी में अपना उम्मीदवार बदल दिया है। कांग्रेस ने तमाम अटकलों पर विराम लगाते हुए किशोरी लाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। वहीं भाजपा ने स्मृति ईरानी पर फिर भरोसा जताया है।वहीं बसपा की ओर से नन्हें सिंह चौहान चुनाव मैदान में हैं.पूरे देश की नजरें इस सीट पर लगी हुई हैं।रायबरेली सीट यह भी कांग्रेस की परंपरागत सीट है।बीते चुनाव में इस सीट से कांग्रेस की सोनिया गांधी जीती थीं। लेकिन अब वो राज्य सभा चली गई हैं.। कांग्रेस ने इस बार राहुल गांधी को उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह से है।

### क्या कैसरगंज में कायम रहेगा बृजभूषण शरण सिंह का दबदबा?

वहीं कैसरगंज सीट की चर्चा इस बार काफी हुई। कैसरगंज के सांसद और बाहुबली बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों से बदसलूकी के आरोप लगे। इन आरोपों के बाद भाजपा ने इस बार उनका टिकट काटकर उनके बेटे करन भूषण सिंह को दे दिया। इस सीट से बृजभूषण सिंह लगातार तीन बार सांसद रह चुके हैं।.साल 2009 के चुनाव में वो कैसरगंज से सपा के टिकट पर जीते थे।उन्होंने बसपा के सुरेंद्र नाथ अवस्थी को 72 हजार से अधिक वोटों के अंतर से हराया था। सपा को 34.7 और बसपा को 21.9 फीसदी वोट मिले थे। साल 2014 के चुनाव में वो एक बार फिर भाजपा में शामिल हो गए। इस बार उनकी जीत के अंतर में बहुत अधिक बदलाव नहीं आया।

उन्होंने सपा के विनोद कुमार सिंह ऊर्फ पंडित सिंह को 78 हजार से अधिक वोटों के अंतर से हराया। लेकिन वो अपना वोट शेयर बढ़ाने में कामयाब रहे। भाजपा को 40.4 फीसदी और सपा को 32.1 फीसदी वोट मिले.भाजपा ने 2019 के चुनाव में उन पर फिर भरोसा जताया। यह चुनाव सपा और बसपा ने मिलकर लड़ा था। कैसरगंज बसपा के खाते में गई थी। बृजभूषण शरण सिंह ने बसपा के चंद्रदेव राम यादव को दो लाख 61 हजार के अधिक वोटों के अंतर से हराया। इस बार बृजभूषण अपना वोट शेयर करीब 19 फीसदी बढ़ाने में सफल रहे।

# सीएए के तहत पहली बार 14 शरणार्थी को मिली भारतीय नागरिकता

**» गृह मंत्रालय ने जारी किया सर्टिफिकेट**

**नई दिल्ली,15 मई 2024 (ए)।** नागरिकता (संशोधन) नियम,2024 (सीएए) की अधिसूचना जारी होने के बाद बुधवार को पहली बार कई लोगों को भारत की नागरिकता का प्रमाण पत्र दिया गया। सरकार द्वारा की गई उचित जांच के बाद 14 आवेदकों को नागरिकता देने का निर्णय लिया गया है।केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक इन नियमों के लागू होने के बाद पाकिस्तान,बांग्लादेश और अफगानिस्तान से हिंदू,सिख,जैन, बौद्ध,पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त हुए हैं। ये वे लोग हैं जो धार्मिक उत्पीड़न या इसके डर के कारण 31.12.2014 तक भारत आ गए थे।

बुधवार को केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने नई दिल्ली में कुछ आवेदकों को नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपे। इस अवसर पर गृह सचिव ने आवेदकों को बधाई देते हुए नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान सचिव, डाक, निदेशक (आसूचना) और भारत के रजिस्ट्रार जनरल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।





# आरोपी ने परिवार के 5 लोगों की हत्या के बाद खुद ने नहीं की थी आत्महत्या

**» शातिर भाई ने कर दी पूरे परिवार की हत्या...**

**सीतापुर,15 मई 2024(ए)।** सीतापुर के रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के पल्हापुर में मां, भाई, उसकी पत्नी व तीन बच्चों की हत्या करने वाला आरोपी बड़ा भाई अजीत बेहद शातिर है। महमूदाबाद के एक प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात अजीत ने छह लोगों की सुनियोजित ढंग से हत्या करने के बाद चालाकी से मनगढ़ंत कहानी बनाकर पूरा आरोप अपने भाई पर ही मढ़ दिया। कड़ाई से पूछताछ के बाद उसने वारदात को अंजाम देने की बात कबूल ली है। अब अजीत से पूछताछ कर रही एसओजी को कई चौंकाने वाले तथ्य मिले हैं।

### परिवार को मारने के बाद अजीत ने धो दिए थे खून से सने कपड़े

पता चला है कि उसने हत्या के बाद खून से सने अपने कपड़े धोये थे। पुलिस से बचने के लिए उसने अपने कपड़े छिपा दिए थे। फॉरेंसिक टीम ने उसकी निशानदेही पर इन कपड़ों को बरामद कर लिया है। आईजी की क्राइम टीम ने भी उससे पूछताछ की है।

पल्हापुर गांव निवासी अनुराग सिंह (45), उसकी पत्नी प्रियंका सिंह (40), मां सावित्री (62) की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। वहीं प्रियंका के तीन बच्चों अस्वी (12), अर्ना (8) व पुत्र आद्विक (4) को छत से फेंका गया था। पुलिस के पहुंचने पर अनुराग के बड़े भाई अजीत ने बताया था कि नशे की लत की वजह से भाई अनुराग ने मां सावित्री के साथ अपनी पत्नी प्रियंका व तीन बच्चों की हत्या कर दी। इसके बाद गोली मारकर खुद आत्महत्या कर ली।

उसे भी मारने का प्रयास किया लेकिन उसने कमरा बंद कर खुद की जान बचा ली। हड़बड़ाहट में पुलिस भी शुरुआत में इन हत्याओं के लिए अनुराग को ही जिम्मेदार ठहरा रही थी। लखनऊ से डीजीपी प्रशांत कुमार के हस्तक्षेप के बाद आईजी तरुण गाबा खुद जांच करने पहुंचे। रविवार को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने भी पुलिस की पूरी थ्योरी पलट दी।

बताते हैं कि तीन लोगों को गोली मारने के बाद क्रूरता से बच्चों को मौत के घाट उतारा गया। उनके शरीर पर मिले चोटों के निशान इस बात की गवाही दे रहे हैं कि हत्या करने वाले ने यह पूरी तरह से सुनिश्चित कर लिया था कि कोई जिंदा न रह सकें। शनिवार भोर करीब पांच बजे पुलिस को हत्याकांड की जानकारी दी थी।

### काफी पहले रच ली थी साजिश

एसपी की मानें तो मौके पर फॉरेंसिक टीम ने एक असलहा बरामद किया है। वहीं खून से सना एक हथौड़ा भी बरामद हुआ है। सूत्रों के मुताबिक इस हत्याकांड में अजीत के साथ दो से अधिक लोग शामिल थे।

ये लोग कौन हैं, इसका पता अभी नहीं चल सका है। पुलिस अभी खुलकर कुछ भी नहीं बोल रही है। अधिकारी जल्द खुलासा होने की बात कह रहे हैं। हालांकि देर रात ताऊ आरपी सिंह, अजीत की पत्नी विभा को पुलिस ने छोड़ दिया है।

सूत्रों की मानें तो अजीत ने इस हत्याकांड की काफी पहले ही साजिश रच ली थी। बस वह सही मौके की तलाश में था। स्कूलों में छुट्टी के बाद प्रियंका व अनुराग के बच्चों के गांव आने की बात जब पता चली तो उसने इस हत्याकांड को अंजाम देने की बात ठान ली। उसने अपने एक परिजन व दो अन्य लोगों के साथ मिलकर साजिश रची है। इसके बाद शुक्रवार देर रात करीब 3 बजे इस हत्याकांड को अंजाम दिया। मासूम बच्चों को उसने बड़ी ही बेदर्दी से दो मंजिल से नीचे फेंक दिया।

### पिता के लोन को चुकाने के विवाद व प्रापर्टी बताई जा रही वजह

सूत्रों के अनुसार पुलिस पूछताछ में कारण पूछे जाने पर अजीत ने पिता के लोन को चुकाने के विवाद के अलावा प्रापर्टी का विवाद बताया है। अजीत प्रापर्टी बेचकर ही पिता का लोन अदा करना चाहता था लेकिन अनुराग अपनी मेहनत से खेती कर ऋष्ठा चुकाने के पक्ष में था।

इस बात पर अनुराग और अजीत के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। वहीं, अनुराग से उसका ताऊ आरपी सिंह भी नाराज रहता था। प्रापर्टी के विवाद में अनुराग की उनसे ठनी रहती थी। यह सब कारण ही हत्याकांड की वजह बने।

### हड़बड़ी ने कराई एसपी की किरकिरी

रामपुर मथुरा में एसएचओ महेश चंद्र पांडेय एसपी चक्रेश मिश्र के करीबी माने जाते हैं। यह थाने से पूर्व वह जिला अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (डीसीआरबी) में तैनात रहे हैं। महेश चंद्र पांडेय के खिलाफ कई स्थानीय नेताओं ने गंभीर आरोप लगाए थे। जब पल्हापुर गांव में इस घटना की सूचना एसएचओ को मिली तो उन्होंने गांव पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। महेश चंद्र पांडेय ने ही अजीत से पूछताछ की। इसके बाद अजीत के बयानों को सच मानकर एसपी चक्रेश मिश्र को ब्रीफ कर दिया। यही वजह रही कि एसपी चक्रेश मिश्र ने अनुराग को मानसिक विक्षिप्त बता दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या का खुलासा हुआ तो एसपी को अपना ट्वीट डिलीट करना पड़ा।

# मनीष सिसोदिया को नहीं मिली राहत,न्यायिक हिरासत बढ़ी



**नई दिल्ली,15 मई 2024(ए)।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य आरोपियों की न्यायिक हिरासत अगली तारीख तक के लिए बढ़ा दी गई है। बता दें कि दिल्ली शराब नीति मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई के मामले में आरोप पर बहस को 30 मई के लिए स्थगित कर दिया है। मनीष सिसोदिया और हिरासत में बंद अन्य आरोपियों की जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई थी।

# सीबीआई ने धोखाधड़ी मामले में डीएचएफएल के पूर्व निदेशक धीरज वधावन को गिरफ्तार किया

**मुंबई,15 मई 2024 (ए)।** अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने 34,000 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में डीएचएफएल के पूर्व निदेशक धीरज वधावन को गिरफ्तार किया है।उन्होंने बताया कि वधावन को सोमवार शाम को मुंबई से हिरासत में लिया गया और उन्हें दिल्ली की एक विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।




# चूड़ियां पहना देंगे वाले प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर पाकिस्तान बौखलाया,दी धमकी

**» भारत कोई कदम उठाता है तो वो उसका जवाब देने से नहीं हिचकिचाएगा...**



**नई दिल्ली,15 मई 2024(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए पाकिस्तान को चूड़ियां पहनाने वाला एक बयान दिया था जिस पर अब पाकिस्तान बौखला गया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत के नेता अपने चुनावी फायदे के लिए पाकिस्तान को अपनी घरेलू राजनीति में घसीटना बंद करें। इसी के साथ ही पाकिस्तान ने भारत को गीदड़ भभकी भी दे डाली है कि भारत कोई कदम उठाता है तो वो उसका जवाब देने से नहीं हिचकिचाएगा।

पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने एक बयान जारी कर प्रधानमंत्री मोदी और अन्य कैबिनेट मंत्रियों की पाकिस्तान पर टिप्पणी के संबंध में कहा, हम अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भारतीय नेताओं की आक्रामक बयानबाजी पर ध्यान देने का आह्वान करते हैं, यह क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है। प्रवक्ता ने कहा कि भारत में चल रहे लोकसभा चुनाव अभियान के दौरान भारतीय नेताओं के पाकिस्तान विरोधी बयानबाजी में बढ़ोतरी हुई है जिसे पाकिस्तान खारिज करता है।

पाकिस्तानी प्रवक्ता ने आगे कहा, अफसोस की बात है कि ये बयान पाकिस्तान के प्रति नफरत और गहरे जुनून को दिखाते हैं. इनसे स्पष्ट होता है कि जानबूझकर दिए गए इन बयानों से नेता चुनावी लाभ के लिए अति-राष्ट्रवाद का फायदा उठाना चाहते हैं। ये बयान बढ़ती घरेलू और अंतरराष्ट्रीय आलोचना से ध्यान भटकाने की एक हताश कोशिश का भी संकेत देते हैं। जहरा बलोच ने अपने बयान में आगे कहा कि पाकिस्तान की रणनीतिक क्षमता का मकसद अपनी संप्रभुता और अपनी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करना है।

# आलमगीर आलम को ईडी ने किया गिरफ्तार

**रांची,15 मई 2024 (ए)।** झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से लगातार दूसरे दिन भी ईडी दफ्तर में पूछताछ की जिसके बाद ईडी ने मंत्री आलमगीर को गिरफ्तार कर लिया है।

बुधवार को भी तय समय पर आलमगीर आलम ईडी दफ्तर पहुच गए. इससे पहले मंगलवार को उनसे 9 घंटे तक 35 करोड़ रुपए बरामदगी और विभाग में कमीशन के खेल को लेकर पूछताछ की गई थी।.



## संपादकीय

# न्यायिक सक्रियता का आगाज

सर्वोच्च न्यायालय ने आपराधिक मामलों की सुनवाई में अदालतों को सहभागिता-सक्रियता का निर्देश दिया है। कहा है कि अदालतें गवाहों, खास कर गुमराह हुए गवाहों, के बयान दर्ज करने वाला टेप-रिकार्डर भर नहीं हैं। दरअसल, यह पैसिवनेस है, जो दोतरफा मार करती है।पहले तो सरकारी वकील ऐसे गवाहों के प्रति ढीले पड़ जाते हैं। वे उससे जरूरी सवाल भी नहीं करते जिनसे कि उसके मुकरने की सटीक वजह मालूम होती। कोई भी आपराधिक मुकदमा गुमराह गवाहों की बदौलत जीता जाता है। इसमें सरकारी वकील, जो अभियोजन पक्ष के होते हैं,वे अपने पैने सवालों से सच उगलवा सकते हैं, पर वे इन सवालों को जानबूझ कर टाल जाते हैं। उनका यह कतराना भी बिका हुआ होता है, जबकि उन्हें सरकार से मोटी पगार मिलती है। इस स्थिति में बदलाव के लिए सरकारी वकीलों के पदों को वकील की राजनीतिक निष्ठा के आधार पर नहीं,उसकी पेशेवर सक्षमता के अनुसार भरा जाना चाहिए। योग्यता और नैतिक निष्ठा सबसे जरूरी आस्पेक्ट है। गलत और अक्षम वकीलों के चयन से मुकदमा जरूरी स्टेज पर कमजोर होने लगता है। दोषी मुकदमा जीत जाता है। पीड़ित को कभी भरोसा ही नहीं होता कि उसकी सुनवाई निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से होगी, उसे अंततः न्याय मिलेगा।यहां सबसे बड़ी क्षति न्यायाधीशों की अ-सक्रियता से होती है, जब वे अपनी भूमिका को गवाहों के बयान दर्ज करने तक सीमित कर अ-सहभागी हो जाते हैं। यह दोहरा घाटा है। इससे न्याय के उस प्राथमिक सिद्धांत का खंडन हो जाता है, जिसे सुलभ कराने के लिए न्यायपालिका का गठन हुआ है। इससे बचने के लिए सर्वोच्च न्यायालय अदालतों से गवाहों से जिरही होने की ताकीद करती है ताकि सच का खुलासा हो सके। मुकदमे पर रोशनी पड़े।पीड़ितों को न्याय मिले। यह बिल्कुल वाजिब ताकीद है। प्राय- देखा गया है कि बड़े से बड़ा कांड,यहां तक कि नरसंहार मामलों में भी गवाहों के मुकरने और अदालतों के जिरही न होने से दोषी छूटते रहे हैं। इससे न्याय व्यवस्था की भारी किरकिरी होती रही है। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा निर्देश में इस नासूर हो चुकी स्थिति की एक बुनियादी पड़ताल है। अदालतों को सक्रिय होना है। इस अंदाज में कि अपराध का दूसरा पहलू सामने आ सके क्योंकि कोई अपराध आखिर में एक व्यक्ति के विरु द्ध ही नहीं, समाज के विरु द्ध भी होता है।' क्या यह न्यायिक सक्रियता का आगाज है? नहीं, इसकी अपनी सीमा है पर यह कई बार न्याय व जन हित में लाजिमी है।

# लखनऊ क्या फिर बनेगा रक्षा मंत्री का रक्षा कवच

उत्तर प्रदेश की लखनऊ लोकसभा सीट देश की सबसे चर्चित सीटों में शामिल रही है। प्रभु श्रीराम के अनुज लक्ष्मण की नगरी लखनऊ ने अपने लम्बी जीवन यात्रा में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। यहां मुगलों ने भी शासन किया। इसी दौर में अवध की शाम की चर्चा ता समुंदर पार तक होने लगी, लेकिन इसमें खट्टी-मीठी दोनों तरह के यादें शामिल हैं। तहजीब के इस शहर के आबो-हवा और सुकून के चर्चे तो दुनियाभर में मशहूर हैं। इसी के लिए लोग यहां खिंचे चले आते हैं। लखनऊ शहर की खासियत के बारे में यहां के मशहूर शायर अजीज लखनवी ने लिखा है-वो आबो-हवा, वो सुकून, कहीं और नहीं मिलता। मिलते हैं बहुत शहर, मगर लखनऊ-सा नही नहीं मिलता'। यहां के वर्तमान सांसद देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हैं। भाजपा ने लगातार तीसरी बार राजनाथ सिंह को उम्मीदवार बनाया है। जबकि सपा ने इस बार रविदास मेहरोत्रा पर दांव लगाया है। वहीं बसपा ने अपने कोर वोटर के साथ अल्पसंख्यक मतदाताओं को रिझाने के लिए सरवर मलिक को चुनावी रण में उतारा है। इस बार यहां ले ई लगातार आठ बार से जीत हासिल कर रही भाजपा को अपना गे  बचाने की है और राजनाथ सिंह को अपने खुद की जीत की हैट्रिक लगाने की है।

लखनऊ के वोटर क्या तीसरी बार भी अपने सांसद और देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के लिये रक्षा कवच बनेंगे यह 04 जून को नतीजे आने पर पता चलेगा। वहीं विपक्षी खेमा राजनाथ सिंह की हैट्रिक नहीं पूरी होने देने की तमन्ना पाले हुए है और भाजपा के मजबूत किला को तो ने की तैयारी कर रहा है। अगर लोकसभा चुनाव 2019 की बात करें तो भाजपा के राजनाथ सिंह ने सपा बसपा के संयुक्त उम्मीदवार रहे अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम सिन्हा को 3,47,302 वोट से हराकर जीत हासिल की थी। इस चुनाव में राजनाथ सिंह को 6,33,026 और पूनम सिन्हा को 2,85,724 वोट मिले थे। जबकि कांग्रेस के आचार्य प्रमोद कृष्णम को 1,80,011 वोट मिले थे। वहीं लोकसभा चुनाव 2014 में मोदी लहर के दौरान इस सीट पर पहली बार राजनाथ सिंह उतरे और कांग्रेस के दिग्गज नेत्री रहे रीता बहुगुणा जोशी को 2,72,749 वोट से हराकर जीत हासिल की थी। इस चुनाव में राजनाथ सिंह को 5,61,106 और रीता

**■ लखनऊ के वोटर क्या तीसरी बार भी अपने सांसद और देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के लिये रक्षा कवच बनेंगे...यह 04 जून को नतीजे आने पर पता चलेगा...वहीं विपक्षी खेमा राजनाथ सिंह की हैट्रिक नहीं पूरी होने देने की तमन्ना पाले हुए है...और भाजपा के मजबूत किला को तोड़ने की कर रहा है तैयारी... ■**



बहुगुणा जोशी को 2,88,357 वोट मिले थे। जबकि बसपा के नकुल दुबे को 64,449 और सपा के अभिषेक मिश्रा को 56,771 वोट मिले थे। वहीं आम आदमी पार्टी के सैयद जावेद अहमद जो री को 41,429 वोट मिले थे। लखनऊ लोकसभा क्षेत्र के जातीय समीकरण की बात करें तो यहां सामान्य और मुस्लिम वर्ग के मतदाता हैं। जिसमें ब्राह्मणों की संख्या अधिक है। इसके बाद मुस्लिम आबादी है, जिसमें शिया की संख्या ज्यादा है। फिर वैश्य समाज के मतदाता आते हैं। यहां कायस्थ वोटरों की भी अच्छी खासी संख्या है। इस सीट पर दलित और ओबीसी मतदाताओं की संख्या सामान्य और मुस्लिम वर्ग की तुलना में बेहद कम है।

बात अतीत की कि जाये तो 1951-52 में जब देश के पहले लोकसभा चुनाव हुए, उस वक्त उत्तर प्रदेश में लखनऊ जिला-बाराबंकी जिला और लखनऊ जिला मध्य नाम से दो सीटें थीं। लखनऊ जिला मध्य सीट से कांग्रेस की विजय लक्ष्मी पंडित जीती थीं। इसरी के साथ 1951 से लेकर 1984 तक दो बार के अलावा यहां से कांग्रेस की ही जीत का परचम फहराया। 1967 में निर्दलीय आनंद नारायण मुल्ला तो इमरजेंसी के बाद 1977 के आम चुनाव में भारतीय लोकदल से हेमवती नंदन बहुगुणा चुनाव जीते। देश में पहली बार 1951 में हुए आम चुनाव में कांग्रेस की विजय लक्ष्मी जो देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु की बहन थीं, ने चुनाव जीता था।

1957 में पुलिन बिहारी बनर्जी, 1962 में बीके धवन,1971 और 80 में शीला कौल ने बतौर कांग्रेस प्रत्याशी यहां से जीत हासिल की। इसके बाद 1989 में जनता दल से मांधाता सिंह फिर 1991 से 2004 तक पांच बार यहां से बीजेपी के अटल बिहारी वाजेपयी सांसद रहे, लेकिन दो चुनावों में अटल जी को हार का भी सामना करना पे ा था। अटल जी के राजनीति से सन्यास लेने के बाद 2009 में बीजेपी लालजी टंडन यहां से सांसद बने। तत्पश्चात 2014 और 2019 में बीजेपी के राजनाथ सिंह यहां से सांसद चुने गये। तीसरी बार भी वह लखनऊ से किस्मत अजमा रहे हैं। वहीं, सपा ने रविदास मेहरोत्रा को अपना प्रत्याशी है। लोकसभा सीट के तहत पांच विधानसभाएं आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में लखनऊ लोकसभा में पे ने वाली पांच में से तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी। वहीं, दो सीटों पर सपा के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी। बहरहाल, अतीत के पन्नों मो पलटा जाये तो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी लगातार पांच बार यहां से सांसद रहे हैं। उसी दौरान यहां बीजेपी ने अपनी मजबूत पके  बना ली थी। उनके समय से ही इस सीट पर भाजपा का दबदबा हो गया, जो सिलसिला फिर रूका नहीं। यहां के वर्तमान सांसद देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हैं। भाजपा ने लगातार तीसरी बार राजनाथ सिंह को उम्मीदवार हैं। कुल मिलाकर प्रदेश में भले ही शासन करने वाले राजनैतिक दल बदलते रहे हों, पर लोकसभा चुनाव में राजधानी में कांग्रेस और भाजपा का वर्चस्व रहा है। इस वर्चस्व के बावजूद लखनऊ की संसदीय सीट पर वर्ष 1967 में निर्दलीय प्रत्याशी की जीत का डंका बजा। उस समय आनंद नारायण मुल्ला ने कांग्रेस के वीआर मोहन को आसानी से मात दी थी। आनंद नारायण मुल्ला कश्मीरी ब्राह्मण थे। उनके पिता जगत नारायण मुल्ला मशहूर सरकारी वकील थे। आनंद नारायण वकालत करने के साथ ही उर्दू के कवि भी थे। उनकी रचनाओं पर उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। वर्ष 1967 में जब लोकसभा चुनाव की घोषणा हुई तो उन्होंने भी पर्चा दाखिल किया। देश में उस समय कांग्रेस की लहर चल रही थी। इसके बावजूद स्थानीय स्तर पर उनकी लोकप्रियता चरम पर थी। इसी के बूते वे चुनाव में खे` हो गए। चुनाव में कांग्रेस से उनके मुकाबले वेद रत्न मोहन मैदान में उतरे। वेद रत्न मोहन लखनऊ के पूर्व मेयर रह चुके थे तथा साधन-संपन्नता में भी कोई कमी नहीं थी। भारतीय जनसंघ से चुनाव में आरसी शर्मा को टिकट मिला था। रिजल्ट की घोषणा हुई तो पहले स्थान पर आनंद नारायण मुल्ला रहे और उन्हें 92,535 वोट मिले। दूसरे नंबर पर वेद रत्न मोहन थे, और उनके खाते में 71,563 वोट आए। वहीं आरसी शर्मा को 60,291 वोट मिले और वे तीसरे नंबर पर रहे। इस चुनाव में एक अन्य निर्दलीय प्रत्याशी का नाम भी चर्चा में था। सिटी मांटेसरी स्कूल के संस्थापक जगदीश गांधी ने भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव ले ा था। इस चुनाव में उन्हें 9449 मत मिले। अलीगे  से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधानसभा चुनाव जीत चुके जगदीश गांधी ने इससे पहले वर्ष 1962 का लोकसभा का चुनाव भी लड़ा था। हालांकि उस बार भी उनको हार झेलनी पड़ी। चुनाव में 14774 वोट के साथ वे तीसरे नंबर पर रहे।

-अजय कुमार-

# सोशल मीडिया प्लेटफार्मो पर निगरानी की कमी

मानव तस्करी में बल,धमकी या जबरदस्ती जैसे तरीकों का उपयोग करके व्यक्तियों को परिवहन करना, भर्ती करना, स्थानांतरित करना, आश्रय देना और प्राप्त करना शामिल हैं। इन कृत्यों और साधनों का अंतिम उद्देश्य इन व्यक्तियों का शोषण के उद्देश्य से उपयोग करना है।मानव तस्करी के मामले में भारत दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल है। पश्चिम बंगाल मानव तस्करी का नया केंद्र बन कर उभरा है। भारत से पश्चिम एशिया, उत्तरी अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में मानव तस्करी होती है। दुनिया भर में मानव तस्करी के पीड़ितों में एक-तिहाई बच्चे होते हैं। एक अनुमान के अनुसार पिछले एक दशक में बांग्लादेश से लगभग 5 लाख महिलाएं, लड़कियां और बच्चे अवैध रूप से भारत में लाए गए और यह संख्या साल-दर-साल बढ़ती जा रही है। यही कारण है कि पश्चिम बंगाल आज भारत का सबसे बड़ा सेक्स बाजार बनकर उभरा है। आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं। देश भर के कोठों में देह व्यापार करने वाली जो लड़कियां रिहा कराई गई, उनमें प्रति 10 लड़कियों में से 7 उत्तरी और दक्षिणी 24 परगना से लाई जाती हैं। समाज के सबसे कमजोर वगरे में से एक, जो तस्करी के प्रति अधिक संवेदनशील है, युवा महिलाएं हैं, और ऐसा इसलिए है क्योंकि अधिकांश समाजों में सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से महिलाओं को अवमूल्यन और अवांछित माना जाता है। उन जगहों, जहां उनका जीवन दयनीय है, से पलायन करने की इच्छा व्यक्तियों को तस्करों से संपर्क करने के लिए तैयार करती है जो शुरु आती चरणों में उन्हें बेहतर जीवन के वादे के साथ लुभाते हैं, लेकिन एक बार जब पीड़ित उनके नियंत्रण में आ जाते हैं, तो उन्हें झुकाने के लिए जबरदस्ती के उपाय लागू किए जाते हैं। अन्य कारण हैं सीमाओं की छिद्रपूर्ण प्रकृति,भ्रष्ट सरकारी अधिकारी,अंतरराष्ट्रीय संगठित आपराधिक समूहों या नेटवर्क की भागीदारी और सीमाओं को नियंत्रित करने के लिए आव्रजन और कानून प्रवर्तन अधिकारियों की सीमित क्षमता या प्रतिबद्धता। पिछले कुछ वर्षों में तस्करी का खतरा ड्रग सिंडिकेट के बराबर एक संगठित आपराधिक सिंडिकेट बन गया है। इसने पैसे और भ्रष्ट राजनेताओं की मदद से समाज में अपनी जड़ें गहरी जमा ली हैं। भारतीय कानूनी ढांचे में ठोस परिभाषाओं की कमी भी इस उद्देश्य में मदद नहीं करती है क्योंकि विभिन्न तस्कर कानूनी पणालियों में तकनीकी खामियों के आधार पर छूट जाते हैं। ठोस परिभाषाओं के बिना भी, कानून पर्याप्त होने चाहिए थे, लेकिन भारत में इन कानूनों के कार्यान्वयन में बहुत कुछ अधूरा रह गया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्मो पर निगरानी की कमी ने तस्करों के लिए अपना व्यापार जारी रखने के लिए एक नया मंच खोल दिया है।तस्करी की समस्या पर डेटा अपर्याप्त हैं, इसलिए तस्करों के पैटर्न और कार्य तंत्र उतने स्पष्ट नहीं हैं, जितने होने चाहिए। यहां तक कि जब पीड़ितों को तस्करों से बरामद किया जाता है तो उनका पुनर्वास इस तरह से नहीं किया जाता कि वे दोबारा तस्करी का शिकार न हों। मानव तस्करी वर्तमान विश्व के सम्मुख उपस्थित कई बड़ी समस्याओं में से एक है। तमाम कोशिशों के बावजूद इसे रोक पाना संभव नहीं हो पा रहा है, और न केवल अल्प-विकसित तथा विकासशील देश, बल्कि विकसित राष्ट्र भी इस समस्या से अछूते नहीं हैं। मानव तस्करी भारत की भी प्रमुख समस्याओं में से एक है।

-प्रियंका सौरभ-

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# खतरे में है भारत की पशुधन अर्थव्यवस्था



-डॉ सत्यवान सौरभ
बड़वा (सिवानी) भिवानी, हरियाणा

भारत की कुल जीडीपी में पशुधन का योगदान लगभग 4.11 प्रतिशत और कृषि जीडीपी में 25.6 प्रतिशत है, यह क्षेत्र ग्रामीण भारत के आर्थिक आधार को मजबूत करता है। उदाहरण के लिए, अकेले डेयरी क्षेत्र ने ही भारत को विश्व स्तर पर सबसे बड़ा दूध उत्पादक बनने के लिए प्रेरित किया है। उदाहरण के लिए, डेयरी भारत में सबसे बड़ी कृषि वस्तु होने के कारण राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में 5 प्रतिशत का योगदान देती है । फसल-आधारित कृषि की तुलना में यह कम अस्थिर रहता है, जिसका प्रमाण आर्थिक उतार-चढ़ाव के बीच अमूल की स्थिर वृद्धि है। मदर डेयरी जैसे ब्रांडों ने डेयरी उत्पादों में विविधता लाने की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाई है, तथा प्रोबायोटिक दही जैसे उत्पाद पेश किए हैं, जिससे इस क्षेत्र की लाभप्रदाता में वृद्धि हुई है।भैंस मांस उत्पादों के निर्यात के साथ, भारत वैश्विक मांस बाजार में एक मजबूत उपस्थिति प्रदर्शित करता है, जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के आर्थिक लाभों को प्राप्त करने के लिए अपने पशुधन क्षेत्र का लाभ उठाता है।

**किसानों के लिए पशुधन...**

कृषि जोखिम के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करता है; उदाहरण के लिए, पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में कृषि आय अधिक है तथा संकट भी कम है, जिसका आंशिक कारण उनकी एकीकृत फसल-पशुधन कृषि प्रणालियां हैं। पशुधन ग्रामीण रोजगार के लिए महत्वपूर्ण है, जो 20 मिलियन से अधिक लोगों को रोजगार देता है। डेयरी सहकारी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमूल इस क्षेत्र में रोजगार का प्रमाण है, जो लाखों डेयरी किसानों के साथ सीधे तौर पर जुडी हुई है। 2011-12 के रोजगार और बेरोजगारी सर्वेक्षण के अनुसार, 12 मिलियन ग्रामीण महिलाएं पशुधन पालन में संलग्न हैं, जो उन्हें वित्तीय और सामाजिक रूप से सशक्त बनाती हैं। यह क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण पशु चिकित्सा देखभाल और चारा उत्पादन जैसे संबंधित क्षेत्रों में रोजगार सृजन की सुविधा प्रदान करता है। यह प्राथमिक खेती से आगे बढ़कर सेवाओं और उद्योगों के पारिस्थितिकी तंत्र को शामिल करता है। पशुधन खेती गैर-कृषि मौसम के दौरान ग्रामीण श्रमिकों के लिए एक बफर के रूप में कार्य करती है, जिससे लगातार आय मिलती है। इसके अतिरिक्त, मनरेगा जैसी योजनाएं मौसमी रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए पशुधन से संबंधित गतिविधियों को एकीकृत करती हैं। पशुधन छोटे कृषक परिवारों की आय में महत्वपूर्ण योगदान देता है। सभी ग्रामीण परिवारों के लिए औसत 14 प्रतिशत की तुलना में 16 प्रतिशत जो ग्रामीण आय बढ़ाने में इसकी भूमिका को व्यक्त करता है। 156 मिलियन टन से अधिक दूध के साथ भारत का मजबूत उत्पादन अमूल जैसे कम्पनियों के माध्यम से डेयरी उत्पादों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करता है, जिससे विभिन्न सामाजिक-आर्थिक स्तरों पर प्रोटीन का सेवन बढ़ता है। ऑपरेशन फ्लड से प्रेरित डेयरी क्षेत्र ने भारत को विश्व स्तर पर दूध उत्पादन में अग्रणी स्थान पर पहुंचा दिया है, जिससे इसकी आबादी की पोषण सुरक्षा में प्रत्यक्ष रूप से वृद्धि हुई है। 75 बिलियन अंडों का उत्पादन, पोल्ट्री उद्योग को आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध कराने में एक प्रमुख घटक के रूप में स्थापित करता है, जिसे राष्ट्रीय पोल्ट्री विकास कार्यक्रम जैसी पहलों का समर्थन प्राप्त है ।

पशुधन खेती से ग्रामीण आय में वृद्धि होती है,जैसा कि पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में देखा गया है, जिससे परिवारों को पर्याप्त मांस उत्पादन के कारण शाकाहारी मुख्य भोजन से परे अपने आहार में विविधता लाने की अनुमति मिलती है। चारे के लिए गन्ने के उप उत्पादों के उपयोग जैसी पद्धतियों के माध्यम से शून्य अपशिष्ट पर भारत का जोर सतत पशुधन पालन को समर्थन देता है, जैसा कि सुगुना फूड्स जैसे संगठनों के सहकारी प्रयासों में देखा जा सकता है। खाद्य सुरक्षा में पशुधन का योगदान मध्याह्न भोजन योजना जैसे कार्यक्रमों में स्पष्ट है, जहां अंडे और दूध मुख्य घटक हैं, भारत में इनके पर्याप्त उत्पादन के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों में कुपोषण से निपटने में मदद मिलती है।पशुधन क्षेत्र की क्षमता को अधिकतम करने के लिए राष्ट्रीय पशुधन मिशन जैसे कार्यक्रमों का प्रभावी कार्यान्वयन आवश्यक है। गोकुल मिशन, राष्ट्रीय पशुधन मिशन और डेयरी प्रसंस्करण एवं अवसंरचना विकास निधि का संयोजन महत्वपूर्ण है। यह सतत विकास, रोजगार और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, जिससे भारत की सामाजिक-आर्थिक प्रगति में इस क्षेत्र की आधारभूत भूमिका को मजबूती मिलेगी। लेकिन पशुधन को कृषि और संबद्ध क्षेत्र पर कुल सार्वजनिक व्यय का केवल 12 प्रतिशत और क्षेत्र में कुल संस्थागत ऋृण प्रवाह का 4-5 प्रतिशत प्राप्त होता है। मुश्किल से 6 प्रतिशत पशुधन का बीमा किया जाता है। पशुधन क्षेत्र के उदय का गरीबी पर प्रभाव पड़ता है। उन राज्यों में ग्रामीण गरीबी कम है जहां पशुधन कृषि आय में अधिक योगदान देता है। पंजाब, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, केरल, गुजरात और राजस्थान इसका उदाहरण हैं। अधिकतर सीमांत किसान और खेती छोड़ चुके लोग पशुधन व्यवसाय से जुड़ रहे हैं।

भारत में लगभग 70 प्रतिशत पशुधन बाजार का स्वामित्व 67 प्रतिशत छोटे और सीमांत किसानों और भूमिहीनों के पास है। एक तरह से, समृद्धि अब खेतों की तुलना में प्रति व्यक्ति पशुधन स्वामित्व पर अधिक निर्भर है। इसका तात्पर्य यह है कि पशुधन क्षेत्र की वृद्धि का फसल क्षेत्र की वृद्धि की तुलना में गरीबी उन्मूलन पर अधिक प्रभाव पड़ेगा। लेकिन अब, इन सभी नियमों और मवेशियों के प्रति सरकार की अपनी नीति पर भ्रम के कारण, गरीबों की नई अर्थव्यवस्था गंभीर खतरे में है। चूँकि भारत बेरोजगारी की चपेट में है, पशुधन क्षेत्र इस संकट से निपटने के लिए एक स्वाभाविक विकल्प हो सकता था। लेकिन अगर एक किसान मवेशी बेचने के बारे में आश्वस्त नहीं है, और मवेशियों के साथ व्यवहार करते समय अपनी सुरक्षा के बारे में आश्वस्त नहीं है, तो अर्थव्यवस्था ढह जाएगी। मुक्त बाज़ार की तरह, भावना भी गरीबों की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## ये तेरा मेरा इश्क



अमित पाठक
शाक द्वीपी

नील गगन से हृदय धरा पर उतरी तुम धीरे मेरे,
नयन नक्श की चुम्बकत्व थे जैसे मुझको घेरे,
नीले रंग के लिबाज़ में नील परी सी लागी,
तेरे नेह के बंधन में बंध कर मेरी किस्मत जागी।
तन मन दोनो की सुंदरता का ऐसा था प्रमाण,
तन तो मेरा मेरे तक था तुझमें बसे थे प्राण,
तेरी पायल तेरा झुमका तेरा रूप श्रृंगार,
देखूं जब जब मैं तुझको सांसे जाऊं हार।
रूप रति सा करके धारण जीवन में तुम आए,
मेरे मन के निर्जन वन में प्रेम के पुष्प खिलाए,
पहली दफा जब देख के मुझको थे तुम जब मुस्काए,
तब से अब तक घूमूं पल पल मैं तो अब हर्षाए।
बांध अमित को स्नेह के बंधन में ऐसे हुए दीवाने,
अब तो सब कुछ सौंप दिया है तू माने या ना माने।
काली जुल्फों के घेरे में बंध गया मैं अंजान,
अब तो मेरे दो ही रक्षक एक तू दूजा भगवान।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## दहेज की बलिवेदी पर



टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला
घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)

श्मशान भूमि में बैठे बाप और भाई की
पथराई आँखें देखती हैं कि
उनकी बेचारी हमेशा जलती रही
शोषण और अत्याचार के दावानल में।
आज अपने अधजले तन को
जलाने के लिए चिता की आग को
मदद कर रही है,क्योंकि कोमल-निर्मल देह
अनंत इच्छाओं के संग जल चुकी है इस बार
कैरोसीन अथवा एल पी जी जैसे द्रव्य से
दहेज की बलिवेदी पर।
अब केवल मूक श्मशान धरा ही
प्रत्यक्ष साक्षी है उस असहाय को दहन कर
शवयात्री बना मगरमच्छ के आँसू बहाने वाला
वो कौन है....?

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## मोबाइल इंटरनेट और बच्चे



अशोक पटेल आशु
शिवरीनारायण छत्तीसगढ़

दुनिया मे मोबाइल,इंटरनेट क्या आया
बच्चे,जवान,बूढ़ों को दीवाना बनाया।
सभी ने मोबाइल को,दिल से अपनाया
मोबाइल और इंटरनेट ने, जादू दिखाया।
मोबाइल आने से,जग मुट्ठी में समाया
और देश-दुनिया की, वह सैर करवाया।
मोबाइल आया,अपना कमाल दिखाया
वरदान के साथ मे,अभिशाप भी लाया।
बच्चों की शिक्षा हेतु,साधन बन आया
पर ! बच्चे इसे, मनोरंजन हेतु अपनाया।
पढ़ाई हुई चौपट,गेम ने दीवाना बनाया
गेम बना सब कुछ,पढ़ाई को भुलाया।
पढ़ाई की आड़ में,गेम में मन लगाया
होमवर्क पड़ा रहा,टीचर से डांट पाया।
मोबाइल ने भविष्य को,अंधकार बनाया
बच्चों के भविष्य मे,नया ग्रहण लगाया।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव रहे हैं समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक



संजीव ठाकुर,
चौबे कॉलोनी,
रायपुर छत्तीसगढ़

## चिंतन और वैचारिक क्षमता को जिंदा रखिये

विचार और सिद्धांत व्यक्ति के अंदर की अतः प्रज्ञा होती है। और यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए अंतरात्मा को प्रभावित करती है और इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतःप्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर प्रस्फुटित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति सुकरात हुआ करते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है। भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है ।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना





# पेट्रोल बेचने के दौरान लगी आग, महिला जिन्दा जली,युवक गंभीर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,15 मई 2024
(घटती-घटना)।



कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कंचनपुर में मंगलवार की शाम दुकान व घर में आग लगने से महिला जिन्दा जल गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। जिसका इलाज मिशन अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि घटना के दौरान लाइट गुल थी और महिला अपने दुकान में मोमबत्ती जलाकर जरकिन से पेट्रोल निकाल रही थी। इस दौरान आग पकड़ ली और देखते ही देखते पूरी दुकान व घर में आग फैल गई। वहीं परिजनों का कहना है कि दुकान में रखा सिलेंडर ब्लास्ट होने से घटना हुई।

कंचनपुर निवासी दरिला सिंह पति लालसाय 24 वर्ष घर के सामने वाले हिस्से में ही किराना दुकान चलाती थी। मंगलवार की शाम करीब 7.30 बजे गांव में लाइट गुल थी। इस दौरान महिला ने दुकान में मोमबत्ती जला रखी थी। बताया जा रहा है कि इसी दौरान उसका पड़ोसी अजय पैंकरा दुकान में अवैध रूप से रखे पेट्रोल की खरीदी करने आया। महिला उसे डिब्बे से निकालकर पेट्रोल देने लगी, इस दौरान मोमबत्ती भी पास में ही थी। इसी बीच मोमबत्ती की लौ से पेट्रोल में आग लग गई और पूरे दुकान में फैल गई। महिला कुछ कर पाती, इससे पहले ही वह आग की चपेट में आकर जिंदा जल गई। वहीं दुकान में रखा गैस सिलेंडर भी ब्लास्ट कर गया। इससे पूरा दुकान जलकर जहां खाक हो गया, वहीं दुकान में आया पड़ोसी भी गंभीर रूप से झुलस गया। सूचना पर अंबिकापुर से दमकल की टीम घटनास्थल पहुंची और दुकान में लगी आग पर काबू पाया। दमकल की टीम ने महिला व उसके पड़ोसी को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। फिर दोनों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, यहां डॉक्टरों ने जांच पश्चात महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से झुलसे अजय पैंकरा का होलीक्रॉस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस को दिए बयान में परिजनों ने बताया कि दुकान में लाइट गुल थी। मृतका का पति दुकान से करीब 50 मीटर दूर ट्रांसफार्मर के पास बिजली मरम्मत का काम देख रहा था। वहीं पड़ोसी दुकान से कुछ दूर बैठा था। दुकान में रखा गैस सिलेंडर पहले से लीक था। इसी बीच मोमबत्ती के कारण गैस सिलेंडर में आग लग गई और वह ब्लास्ट कर गया। इसकी चपेट में आकर महिला की मौत हो गई, जबकि पड़ोसी भी चपेट में आ गया।

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में अलग-अलग थाने से 5 आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,15 मई 2024
(घटती-घटना)।



चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्र से 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में सोशल मीडिया पर नाबालिग बच्चों की अश्लील वीडियो अपलोड किया गया था। मामले में थाना सीतापुर पुलिस आरोपी अविनाश सोनवानी उम्र 33 वर्ष निवासी आमाटोली सीतापुर को गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरे प्रकरण में सीतापुर पुलिस ने आरोपी धनप्यारी उम्र 35 वर्ष निवासी कोट जुनापारा थाना सीतापुर को गिरफ्तार किया है। वहीं उदयपुर पुलिस ने आरोपी राहुल सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी परसा बाजारपारा व दूसरे प्रकरण में आरोपी मयंक सिंह उम्र 21 वर्ष निवासी माझापारा उदयपुर को गिरफ्तार किया है। थाना लखनपुर पुलिस आरोपी अतीश राजवाड़े उम्र 21 वर्ष निवासी सिरकोतंगा थाना लखनपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा धारा 67(बी) आईटी एक्ट, पोक्सो एक्ट की धारा 13, 14 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सीतापुर निरीक्षक भारत लाल साहू, थाना प्रभारी उदयपुर निरीक्षक कुमारी चंद्राकर, थाना प्रभारी लखनपुर निरीक्षक मनोज प्रजापति, सहायक उप निरीक्षक शिवचरण साहू, सहायक उप निरीक्षक दिलीप दुबे, प्रधान आरक्षक रामबचन राम, आरक्षक पंकज देवांगन, देवेंद्र सिंह, दशरथ राजवाड़े, जानकी राजवाड़े, संजय एक्का, अभिषेक राठौर, मनोहर पैकरा धनकेश्वर यादव शामिल रहे।

# एसपी ने पुलिस अधिकारियों की ली बैठक, हिट एंड रन के मामले में करें कार्रवाई

- संवाददाता -
अंबिकापुर,15 मई 2024 (घटती-घटना)।



एसपी सरगुजा विजय अग्रवाल ने बुधवार को विभिन्न थाना व चौकी में पदस्थ पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान एसपी ने हिट एंड रन अंतर्गत आश्रितों को जल्द राहत मुआवजा राशि प्रदान कराने हेतु की जा रही कार्रवाइयों की जानकारी ली। एसपी द्वारा थानावार जानकारी प्राप्त करने पश्चात 1 जनवरी 23 के पश्चात से अभी तक के हिट एंड रन के दर्ज प्रकरणों में मृतकों के स्वजनों एवं गंभीर रूप से घायलों को मुआवजा राशि दिलाने एक सप्ताह के भीतर आवेदन भेजने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान किसी तरह की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए गए हैं। सोलेशियम योजना (हिट एंड रन) 1 अप्रैल 22 से प्रभावशील अंतर्गत मृतकों के आश्रितों को 2 लाख रुपये एवं गंभीर रूप से घायलों को 50 हजार रुपये मुआवजा राशि देने के प्रावधान है।

# नाबालिग लड़की का अपहरण कर बलात्कार,आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,15 मई 2024
(घटती-घटना)।



5 दिन पूर्व एक युवक ने नाबालिग लड़की का अपहरण कर शादी का झांसा देकर उसके साथ बलात्कार किया था। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार 10 मई को अचानक एक नाबालिग लड़की गायब हो गई थी। परिजन ने नाबालिग को अज्ञात द्वारा अपहरण किए जाने की रिपोर्ट बतौली थाना में दर्ज कराई थी। पुलिस अज्ञात के खिलाफ धारा 363 कायम कर नाबालिग बच्ची की तलाश कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने आकाश चौहान उर्फ गणेश उम्र 18 वर्ष निवासी बटुराबहार थाना पत्थलगांव जिला जशपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह नबालिग का अपहरण करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने इसके कब्जे से नाबालिग लड़की को बरामद किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी शादी का झांसा देकर जबरन बलात्कार की घटना को अंजाम दिय है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 366, 376 (2)(ढ), एवं पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी बतौली उप निरीक्षक सी. पी. तिवारी, सहायक उप निरीक्षक शिवमन कौशिक, महिला आरक्षक मेरी क्लोरेट, पूनम भगत, आरक्षक भगलू राम पैकरा, एहसान फिरदौशी, राजेश खलखो शामिल रहे।

# पोस्ट ऑफिस में नकली नोट खपाने की कोशिश,आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,15 मई 2024
(घटती-घटना)।







500-500 के 58 नकली नोट के साथ कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी 14 मई को 1 लाख रुपए जमा करने पहुंचा था। जिसमें 29 हजार रुपए नकली नोट पाया गया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि पुराना हनुमान छाप सिक्का झारखंड के एक व्यक्ति को बेचा था। जो उसे उक्त नोट को दिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार कपील गिरी ग्राम तुरियाबीरा थाना लुन्ड्रा का रहने वाला है। इसका अंबिकापुर पोस्ट ऑफिस में खाता है। वह 14 मई को एक लाख रुपए जमा करने पोस्ट ऑफिस में आया था। 1 लाख रुपए का जमा पर्ची भरकर कैशियर को दिया। कैशियर द्वारा रुपए गिनने के दौरान 500-500 के 58 नोट नकली होना पाया गया। काउंटिंग मशीन द्वारा भी उक्त जाली नोट को अलग कर दिया गया। मामले की जानकारी होने पर पोस्ट मास्टर ने घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी कपील गिरी ने पुलिस को बताया कि कुछ दिनों पूर्व एक पुराना हनुमान छाप सिक्का को झारखण्ड के एक व्यक्ति से बेचा था। जिसे उसे 500-500 के कुल 58 जाली नोट दिया था। आरोपी कुछ दिनों तक उक्त जाली नोट को घर में ही रखा था। 14 मई को असली रुपये के साथ 58 नग जाली नोट को मिलाकर जानबूझकर पोस्ट ऑफिस अम्बिकापुर में 1 लाख रुपये जमा करने की कोशिश की जा रही थी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 500-500 के कुल 29 हजार रुपए नकली नोट जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 489-(ख) (ग) के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# नेशनल हाईवे 130 स्थित केवरा जय भवानी राइस मिल परिसर में खड़े दो ट्रको से डीजल की हुई चोरी सीसीटीवी कैमरे में घटनाक्रम कैद

- संवाददाता -
लखनपुर,15 मई 2024
(घटती-घटना)।



लखनपुर थाना क्षेत्र के अंबिकापुर बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 स्थित ग्राम केवरा जय भवानी राइस मिल परिसर में बुधवार की तड़के सुबह लगभग 4 बजे दो ट्रको से 130 लिटर डीजल चोरी का मामला सामने आया है। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। तीन युवकों के द्वारा डीजल चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। अंदेशा जताया जा रहा की तीन युवकों के अलावा कुछ और युवक की चोरी की घटना में शामिल हो सकते है। मिली जानकारी के मुताबिक केवरा जय भवानी राइस मिल परिसर में खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 15 डी एच 8836 से 30 लीटर,सीजी 15 डी एच 3858 से 100 लीटर डीजल चोरी अज्ञात चोरों के द्वारा की गई है। चोरी की घटना क्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। राइस मिल संचालक के द्वारा डीजल चोरी की सूचना लखनपुर पुलिस को दी गई है। लखनपुर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

वही दूसरी डीजल चोरी की घटना तड़के सुबह नेशनल हाइवे 130 स्थित जूनाडीह जय दुर्गा राईस मिल के सामने चावल लोड खड़े ट्रक क्रमांक यूपी 64 बीटी 6395 के टंकी से 320 लीटर डीजल अज्ञात चोर ले उड़े।ट्रक चालक दिलीप कुमार मौर्या ने अपने बयान में बताया कि बनारस से चावल लोड ट्रक को सबेरे 5 बजे जय दुर्गा राईस मिल के सामने खड़ा कर कुछ देर के लिए आराम करने के मकसद से मिल के अन्दर चला गया। इसी दरमियान अज्ञात चोर ट्रक वाहन के टंकी से डीजल चोरी कर फरार हो गये। वाहन मालिक के आने के बाद थाना मे रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही। लगातार क्षेत्र में हो रहे चोरी से भाई का वातावरण निर्मित है। शहर और ग्रामीण क्षेत्र में व्यवसायी तथा आम जनता अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। क्षेत्र के लोगों ने पुलिस प्रशासन से व्यवस्थाएं दुरुस्त करते हुए चोरी पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है।

# फर्जी पट्टा निरस्त करने ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



- संवाददाता -
लखनपुर,15 मई 2024 (घटती-घटना)।

लखनपुर तहसील कार्यालय अंतर्गत ग्राम गोरता में गढ़वा झारखंड निवासी के द्वारा पटवारी से साठ-गांठ कर फर्जी पट्टा बनवाये जाने के मामले में ग्रामीण लखनपुर तहसील कार्यालय पहुंच कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौप फर्जी पट्टा निरस्त किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेखनीय है कि अनावेदकगण शिवम सोनी, शुभम सोनी पिता पन्नालाल सोनी गढ़देवी मोहल्ला गढ़वा झारखंड निवासि के द्वारा खरीदी हक की भूमि ग्राम गोरता में खसरा क्रमांक 763 रकबा 0777हेक्टेयर भूमि है। अनावेदकगण के द्वारा शासकीय भूमि जिसका खसरा नंबर 771/3 रकबा 0.809,खसरा नंबर 222/3 रकबा नं 0.186 हेक्टेयर है।उक्त शासकीय भूमि का फर्जी तरीके से पट्टा बनवा लिया गया है। जिस शासकीय भूमि का पट्टा बनवाया गया है उस शासकीय भूमि में ग्राम वासियों के दादा पुरखा कई पीढियो से कृषि का कार्य कर जीवन यापन कर रहे हैं। अनावेदकगण के द्वारा फर्जी तरीके से शासकीय भूमि का पट्टा बनवाकर आए दिन ग्राम वासियों के ऊपर दबाव बनवाया जा रहा है। जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है ।15 मई दिन बुधवार को सरपंच प्रतिनिधि के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीण लखनपुर तहसील कार्यालय पहुंच कलेक्टर के नाम एसडीएम बी खांडे को ज्ञापन सौप अनावेदकगणों का फर्जी पट्टा को निरस्त करते हुए जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की गई है।

इस संबंध में एसडीएम बी आर खांडे ने कहा कि एक व्यक्ति को पट्टा दिया गया है। पट्टे से अधिक भूमि पर काबिज है जांच कर जांच प्रतिवेदन कलेक्टर महोदय को प्रेषित किया जाएगा।

# रेलवे स्टेशन अंबिकापुर में अतिरिक्त प्लेटफार्म नहीं होने से यात्रियों को होती है परेशानी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,15 मई 2024
(घटती-घटना)।

अंबिकापुर रेलवे स्टेशन इस रूट का आखिरी स्टेशन है जो आमदरफ्त,यात्रियों की संख्या, यात्री गाड़ी व माल गाडियों की संख्या एवं उनकी आवाजाही के लिहाज से बड़ा एवं व्यस्त है, किन्तु यहां पर मात्र एक प्लेटफार्म होने से निम्नांकित परेशानियां हो रही है। एक ही प्लेटफार्म होने के कारण यदि कोई गाड़ी प्लेटफार्म पर खड़ी हो तो पीछे से आने वाली किसी भी यात्री गाड़ी को कमलपुर, बिश्रामपुर करंजी या अन्य किसी स्टेशन में अनावश्यक रूप से घंटों खड़ा होना पड़ता है जो यात्रियों के लिए एक बड़ी परेशानी है। अतिरिक्त प्लेटफार्म की अनुपलब्धता के कारण निजामुद्दीन से अंबिकापुर की यात्री गाड़ी एवं जबलपुर से अंबिकापुर की यात्री गाड़ी दोनों लगभग हर बार 2 - 3 घंटे विलंब से अंबिकापुर पहुंचती है। ज्ञातव्य है कि हजरत निजामुद्दीन से अंबिकापुर आने वाली यात्री गाड़ी के यहां पहुंचने का समय संध्या 7 बजे है, किंतु यह 10बजे के बाद यहां पहुंचती है और 22 घंटे की लंबी दूरी के बाद शहर से मात्र 15 -20 किलोमीटर दूर रहकर भी अनावश्यक घंटों का विलंब यात्रियों के लिए असहनीय एवं तकलीफदेह है। जबलपुर से अंबिकापुर की यात्री ट्रेन के पहुंचने का समय रात्रि 11बजे है। इस ट्रेन से अकेली लड़कियां /महिलाएं भी यात्रा करती हैं, यदि ट्रेन लेट हो जाए तो ऑटो इत्यादि की अनुपलब्धता से घर पहुंचने तक वे स्वयं एवं उनके परिजन आशंकाग्रस्त एवं चिंतित रहते हैं। अतिरिक्त प्लेटफार्म उपलब्ध न होने से एक ही प्लेटफार्म पर ज्यादा भार पड़ रहा है। स्टेबलिंग लाइन नहीं होने से व्यावहारिक रूप से नई ट्रेन की शुरुआत करने के लिए यह सबसे बड़ी बाधा है।




## रेलवे परिक्षेत्र में मार्ग का चौड़ीकरण की मांग

क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्श यात्री समिति के सदस्य मुकेश तिवारी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में सौंदर्यकरण और यात्री सुविधा विस्तार का काम चल रहा है। वॉशिंग पीट निर्माण कार्य जल्द ही प्रारंभ होने वाला है। निकट भविष्य में अतिरिक्त प्लेटफार्म व स्टेबलिंग लाइन निर्माण के बाद अंबिकापुर रेलवे स्टेशन की कनेक्टिविटी अन्य प्रांतों तक संभावित है। यात्री गाड़ियों की संख्या में वृद्धि की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए,नई सुविधाओं की शुरुआत के साथ ही पुरानी सुविधाओं को अपग्रेड किया जा रहा है। रेलवे परिक्षेत्र में मार्ग का चौड़ीकरण कार्य भी रेलवे द्वारा किया जा रहा है। रेलवे परिक्षेत्र के बाहर से मनेंद्रगढ़ रोड तक का रास्ता व्यस्ततम मार्ग है, ट्रेन आने पर अक्सर जाम की स्थिति निर्मित होती है और आवागमन में व्यवधान होता है। अंबिकापुर में यात्री केंद्रित सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए रेलवे स्टेशन से मुख्य मार्ग मनेंद्रगढ़ रोड तक की सडक़ के बीच में डिवाइडर लगाकर इसे टू लेन मार्ग किया जाना आवश्यक है ताकि दोनों ओर से निर्बाध आवागमन हो सके। अतएव आपसे आग्रह है कि रेलवे स्टेशन से मनेंद्रगढ़ रोड तक की सडक़ में डिवाइडर लगाकर रोड चौड़ीकरण करने हेतु, समुचित निर्देश देने का कष्ट करेंगे।

# बाइडन ने फिर यूक्रेन को दी दो बिलियन डॉलर के सैन्य राहत पैकेज की मदद,जेलेंस्की ने टाले विदेशी दौरे

**कीव,15 मई 2024।** रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से युद्ध जारी है। इस बीच,अमेरिका ने एक बार फिर यूक्रेन के लिए राहत पैकेज की घोषणा की। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिकंन ने दो बिलियन अमेरिकी डॉलर का हथियार पैकेज यूक्रेन को दिया है। सौदे का अधिकांश पैसा पिछले माह स्वीकृत किया गया था। गौरतलब है कि हाल हीं में शुरू हुए संघर्ष में रूस ने यूक्रेन के नौ गांवों पर कब्जा कर लिया है। हालांकि, यूक्रेन रूस के इस दावे को खारिज करके कह रहा है कि रूस ने सिर्फ पांच ही गांवों पर कब्जा किया हुआ है।

दो दिवसीय कीव यात्रा के दौरान, बुधवार को ब्लिकंन ने अपने अंतिम कार्यक्रम के दौरान कहा कि बाइडन प्रशासन ने यूक्रेन के लिए दो बिलियन अमेरिकी डॉलर, मध्यम और दीर्घकालिक विदेशी सैन्य वित्तपोषण पैकेज को मंजूरी दी है। अधिकारियों ने बताया कि सौदे का अधिकांश पैसा,करीब 1.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर, कांग्रेस द्वारा पारित और राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा हस्ताक्षरित विदेशी सहायता कानून में यूक्रेन को आवंटित 60 बिलियन अमेरिकी डॉलर से लिया गया है। ब्लिंकन ने कीव को वाशिंगटन के समर्थन का आश्वासन दिया।



**जेलेंस्की ने रद्द किए सभी विदेशी दौरे**

इसके अलावा,यूक्रेन की सेनाएं देश के पूर्वी इलाकों से हट गई हैं। अन्य क्षेत्रों में यूक्रेनी सैनिक रूसी सैनिकों का मुकाबला कर रहे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भी अपनी सभी विदेशी यात्राएं स्थगित कर दीं हैं। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने मंगलवार देर रात बताया कि हमारे सैनिक जान बचाने और नुकसान से बचने के लिए लुक्यांत्सी और वोवचांस्क क्षेत्रों से वापस आ गए हैं। वोवचांस्क- रूसी सीमा से केवल 5 किलोमीटर और खार्किव शहर से 50 किलोमीटर दूर है। बुधवार को यूक्रेनी-रूसी सैनिकों ने वोवचांस्क की सड़कों पर लड़ाई की। ओलेक्सी खार्किवस्की शहर की गश्ती पुलिस के प्रमुख का कहना है कि रूसी सैनिक शहर में मोर्चाबंदी कर रहे हैं तो वहीं जनरल ने कहा कि यूक्रेनी सेना ने रूसी सैनिकों को खदेड़ दिया है।

**यूक्रेन के नौ गांवों पर रूस का कब्जा**

रूस ने शुक्रवार को यूक्रेन की उत्तरी सीमा पर हमले शुरू किए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने भी जवाबी हमले की बात कही है। यूक्रेन की उत्तरी सीमा पर रूस के हमले की वजह अभी तक साफ नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि रूस बफर जोन बनाना चाहता है ताकि यूक्रेन के रूस पर हमलों को नियंत्रित किया जा सके। यूक्रेन के गांवों पर कब्जे पर रूस के रक्षा मंत्री ने बयान जारी कर कहा कि रूसी सेना ने नौ गांवों को आजाद करा लिया है। यूक्रेन की सेना के प्रमुख ओलेक्जेंद्र सिरस्की ने कहा कि उत्तरी सीमा पर खारकीव में हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं।

## सिंगापुर के नए प्रधानमंत्री चुने गए लॉरेंस वोंग, राष्ट्रपति ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ

**सिंगापुर,15 मई 2024।** अर्थशास्त्री लॉरेंस वोंग ने सिंगापुर के चौथे प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली है। 51 वर्षीय वोंग 72 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री ली सीन लूंग की जगह लेंगे। ली सीन लूंग ने बीते दो दशकों से सिंगापुर के प्रधानमंत्री बने रहे। वोंग और लूंग दोनों ही नेता सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) से जुड़े हैं। बता दें कि पीएपी बीते पांच दशक से सिंगापुर की आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाने की जिम्मेदार रही है। इससे पहले वोंग सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। अब वह प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के रूप में सरकार का नेतृत्व करेंगे। राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम ने वोंग को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।



## स्लोवाकिया के पीएम रॉबर्ट फिको गोलीबारी में घायल, सरकारी मीटिंग के बाद संदिग्ध ने दिया घटना को अंजाम

**ब्राटीस्लावा,15 मइ 2024।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको गोलीबारी में घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि यह घटना स्लोवाकिया की राजधानी ब्राटीस्लावा के हैंडलोवा शहर में हुई। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि गोलीबारी करने वाले संदिग्ध को हिरासत में ले लिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार एक सरकारी मीटिंग के बाद संदिग्ध ने कई गोलियां चलाई, जिसमें प्रधानमंत्री फिको घायल हो गए।



'पीएम फिको को गोली मारी गई'स्लोवाकिया की संसद के उपाध्यक्ष लुबास ब्लाहा न बताया कि पीएम फिको को गोली मारी गई और इस घटना में वह घायल हो गए।

**प्रत्यक्षदर्शी ने क्या कहा?**

एक प्रत्यक्षदर्शी का कहना है कि उन्होंने गोलियां चलने की आवाजें सुनीं। इसके बाद एक संदिग्ध को पुलिस द्वारा हिरासत में लेते हुए देखा गया। प्रत्यक्षदर्शी ने यह भी बताया कि सुरक्षा अधिकारियों द्वारा किसी को कार में धकेलते देखा गया।

## गाजा में भारतीय सेना के पूर्व अधिकारी की हत्या पर संयुक्त राष्ट्र ने जताया दुख,इस्राइल पर लगे आरोप

**गाजा,15 मई 2024।** संयुक्त राष्ट्र ने गाजा में भारतीय सेना के एक पूर्व अधिकारी की हत्या पर दुख जताया और भारत से माफी मांगी। दरअसल भारतीय सेना के पूर्व अधिकारी युद्धग्रस्त गाजा के राफा में सोमवार सुबह एक गाड़ी में सफर कर रहे थे, तभी उनकी गाड़ी पर पीछे से हमला हुआ, जिसमें पूर्व सैन्य अधिकारी की मौत हो गई। राफा में मारे गए कर्नल वैभव अनिल काले (46 वर्षीय) ने साल 2022 में सेना से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी और फिलहाल वे संयुक्त राष्ट्र के डिपार्टमेंट ऑफ सेफ्टी एंड सिक्योरिटी के साथ सुरक्षा समन्वय अधिकारी के रूप में काम कर रहे थे।



## नाबालिग को बहला-फुसला कर भगा ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी को राजपुर पुलिस ने भेजा जेल

**- संवाददाता -**
**राजपुर,15 मई 2024 (घटती-घटना)।**

राजपुर 25 मार्च 2024 को होली के दिन एक कक्षा 9 वीं में पढ़ने वाली अपहृत बालिका की गुम होने व अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने की शिकायत राजपुर थाने में बालिका के परिजनों के द्वारा दर्ज कराया गया था जिसके बाद से ही राजपुर पुलिस बलरामपुर पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह, उतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र पांडे व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कुसमी एमानुएल लकड़ा के मार्गदर्शन पर टिम गठित कर पुरी मूस्दैदी से अपहृत बालिका की पतासाजी कर रही थी।





राजपुर पुलिस के द्वारा लगातार अपहृत बालिका के सभी संभावित स्थानो पर दबिश देकर पता तलाश किया जा रहा था तैनात मुखबिर से पता चला कि अपहृत बालिका को अम्बिकापुर गांधीनगर थाना के आसपास एक लड़के के साथ घूमते फिरते देखा गया है तभी टीम तत्काल हरकत में आई और दबिश देकर अपहृत बालिका को उक्त आरोपी से बरामद किया गया। राजपुर पुलिस ने बताया कि रोहित यादव पिता शिवनारायण यादव उम्र 18 वर्ष निवासी सरीमा शंकरगढ़ का राजपुर मेला के दौरान अपहृत बालिका से मुलाकात हुई और दोनो के बीच प्यार हुआ और आरोपी ने अपरहित बालिका को 25 मार्च 2024 को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया व उसके दुष्कर्म भी किया। अब राजपुर पुलिस आरोपी के खिलाफ धारा 363,366,376 2(ढ़) एवं पास्को एक्ट के तहत अपराध पंजीबध कर आगे की विवेचना की जा रही है।

इस कार्यवाही में मुख्य रूप से राजपुर थाना प्रभारी सुधीर मिंज, एसआई दिनेश राजवाड़े, एएसआई कल्पना निकूंज, आरक्षक अमृत सिंह, रिन्कू गुप्ता, संतोष सिंह, विजय पैकरा,शिवलाल कुजूर शामिल रहे।





## मिस मिस्टर मिसेज़ सेंट्रल इंडिया सीजन 2 का ऑडिशन कल

**- संवाददाता -**

**अंबिकापुर,15 मई 2024 (घटती-घटना)।** ट्रिप प्रोडक्शन के तत्वावधान में ब्यूटी पिगेंट रनवे शो मिस मिस्टर मिसेज़ सेंट्रल इंडिया सीजन 2 का ऑडिशन कल होटल शैलगिरी में रखा गया था जिसमे चुने हुए प्रतियोगियों को 15 जून के फाइनल प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा ,रायपुर में होनेवाले फाइनल में मुंबई से साना सुल्ताना सेलिब्रिटी बनके आ रही हैं,इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शैलेंद्र प्रताप सिंह,कार्यक्रम के आयोजक तृप्ति रॉय चौधरी,मृणमय सिंह,पूजा गुप्ता तथा अंबिकापुर ज़िले भर से प्रतियोगी शामिल रहे,और इक्षुक प्रतियोगी 9399957909 पर संपर्क भी कर सकते हैं । आयोजकों ने बताया कि फाइनल जीतने वाले प्रतियोगी को ईनाम अलावा हिन्दी एल्बम में एक्टिंग करने का मौक़ा मिलेगा ।

## तीन लोगों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित,एक का किया गया निरस्त

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 15 मई 2024 (घटती-घटना)।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद शस्त्रधारियों को आयुध अधिनियम 1959 की धारा 21 के तहत अपने आग्नेय शस्त्र सीमित समय के लिए नजदीकी थाने में जमा करने होते हैं। इस नियम का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोस्कर द्वारा निरंतर शस्त्र निलंबन अथवा निरस्त किए जाने की कार्यवाही की जा रही है।

इसी कड़ी में शस्त्र रखने और जमा करने के नियमों का उल्लंघन करने वाले तीन लोगों के शस्त्र लाइसेंस निलंबित और एक व्यक्ति का शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार सोनपुरकला निवासी राजेश कुमार वर्मा,देवीगंज रोड निवासी मयंक सिंह और सीतापुर निवासी रामजी प्रसाद के द्वारा इस नियम का उल्लंघन कर निर्धारित समय में शस्त्र नजदीकी थाने में जमा नहीं कराया गया है जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके शस्त्र लाइसेंस को नवीनीकरण नहीं किए जाने की अनुशंसा की गई। शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्तों का उल्लंघन करने पर आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 उपधारा (3) में उल्लेखित प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से उक्त तीनों का लाइसेंस आगामी आदेश पर्यंत निलंबित किया गया है।

आवेदक धर्मवीर सिंह उर्फ छोटन सिंह,जिनका स्थायी निवास पीरसोत, बलरामपुर जिला है और वर्तमान निवास प्रतापपुर रोड अंबिकापुर है, इनके आवेदन पर पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा विभिन्न मामलों में अलग-अलग थानों में प्रकरण दर्ज होने के कारण निरस्तीकरण की अनुशंसा की गई है।

आवेदक ओर से प्रस्तुत उत्तर समाधानकारक नहीं होने के कारण प्रथम दृष्टया शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन किया जाना पाया गया। इस कारण आवेदक धर्मवीर सिंह की शस्त्र अनुज्ञप्ति को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

## शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के प्रबन्धकारिणी समिति की बैठक संपन्न, विभिन्न विषयों पर की गई चर्चा

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,15 मई 2024 (घटती-घटना)।**

बुधवार को सरगुजा संभागायुक्त जी आर चुरेंद्र की अध्यक्षता में राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर के सभाकक्ष में महा विद्यालय के प्रबन्धकारिणी समिति की बैठक आहूत की गई। इस दौरान कॉलेज डीन डॉ रमणेश मूर्ति मौजूद रहे।





बैठक में विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। संभागायुक्त श्री चुरेंद्र द्वारा महा विद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय के अपूर्ण निर्माणाधीन कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग से सतत् समन्वय के साथ कार्य करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल की स्थापना हेतु अतिरिक्त भूमि आबंटन, महाविद्यालय परिसर में लोक निर्माण विभाग के विद्युत एवं यांत्रिकी द्वारा निरंतर विद्युत आपूर्ति के सम्बन्ध में चर्चा की गई। स्वशासी मद से परीक्षकों के ठहरने एवं भोजन हेतु निर्धारित राशि में वृद्धि किए जाने का प्रस्ताव समिति के समक्ष रखा गया।

इसके साथ ही बैठक में प्री एवं पैरा क्लीनिकल विभागों में एन.एम.सी. मापदण्ड अनुसार सहायक प्राध्यापक बनने हेतु 01 वर्ष सीनियर रेसीडेंट की अनिवार्यता के सम्बन्ध में विचार रखे गए। बैठक में आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत कर अनुमोदन की कार्यवाही की गई।

## 21 दिवसीय समर कैंप शुरू, कलेक्टर-एसपी ने बच्चों को कहा-ऑल द बेस्ट,बच्चियों ने दिखाए ताईक्वांडो के एक्शन

» **10 से ज्यादा खेलों का दिया जायेगा प्रशिक्षण**

### वॉलीबॉल, बास्केटबॉल सहित सात खेलों का प्रशिक्षण गांधी स्टेडियम में,फुटबॉल,ताईक्वांडो,तीरंदाजी सहित पांच खेल पीजी कॉलेज मैदान में

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,15 मई 2024 (घटती-घटना)।**

जिला प्रशासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिले में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2024 समर कैंप की शुरुआत की गई है। कलेक्टर श्री विलास भोस्कर एवं एसपी श्री विजय अग्रवाल ने गांधी स्टेडियम परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम का शुभारंभ कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान खिलाड़ियों को खेल सामग्री का वितरण भी किया गया। कलेक्टर श्री भोसकर ने इस अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि खेल में जब हम गिरते हैं, तो उस समय चोट लगती है, पर आगे चलकर यही हमारी यादें बनती हैं। इस 21 दिवसीय समर कैंप का मजा लें और खेलों में अपना अनुभव बनाएं। उन्होंने सभी को ऑल द बेस्ट कहकर शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर एसपी श्री अग्रवाल ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमारे खिलाड़ियों की सुविधा और खेलों को बढ़ावा देने के लिए ये समर कैंप किया जा रहा है। शिविर का आनंद उठाएं और आगे की पढ़ाई के लिए भी तैयारी करें।









**10 से ज्यादा खेलों का दिया जायेगा प्रशिक्षण**

प्रशिक्षण स्थल गांधी स्टेडियम में वॉलीबॉल,बास्केटबॉल, बैडमिंटन,टेबल टेनिस,कराटे, शतरंज,एथलेटिक्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी तरह प्रशिक्षण स्थल-पीजी कॉलेज मैदान परिसर में फुटबॉल, हैंडबॉल, ताईक्वांडो, और तीरंदाजी का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण का समय सुबह 5.30 बजे से 7.30 बजे और शाम को 5.30 बजे से 6.30 बजे रखा गया है।

इस दौरान खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी श्री आरके सिंह, श्री देवेन्द्र सिन्हा, खेलों के कोच और बड़ी संख्या में खिलाड़ी बच्चे उपस्थित रहे।

CMYK

## खबर छपने पर काम करने वाले ने मंत्री के पति को लगाया फोन तो मंत्री के पति ने कहा पत्रकार तो खबर छापते ही हैं तुम करते रहो अपना कामः सूत्र

# महिला बाल विकास मंत्री के पति पर सर चढ़कर बोल रहा पत्नी के मंत्री होने का घमंड ?

## क्या नाम की मंत्री हैं लक्ष्मी राजवाड़े,बाकी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं ठाकुर ?

### विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि मंत्री पति तो विभागीय बैठकों में भी होते हैं शामिल,अधिकारियों को देते हैं निर्देश

### जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों के पास भी आता है मंत्री पति का कॉल

### विभाग से मिली शासकीय वाहन का भी उपयोग करते देखे जाते हैं मंत्री पति...काम के लिए मंत्री पति से हो गई है बात ऐसी जनचर्चा आम बात...

## सिर्फ रिश्तेदारों से घिरकर काम करना और उन्हें बढ़ावा देने से दिख रहा भाई-भतीजावाद





घटती घटना | सूरजपुर-कोरबा-सरगुजा-समाचार | अम्बिकापुर,मंगलवार 14 मई

क्या कोरिया के आंगनबाड़ी केन्द्रों में महिला बाल विकास मंत्री का रिश्तेदार करा रहा रंगरोगन का काम ?

मंत्री के साथ सक्रिय है रिश्तेदारों का गुट

-रवि सिंह-
कोरिया,15 मई 2024
(घटती-घटना)।

प्रदेश की महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के पति ठाकुर प्रसाद राजवाड़े के सर पर पत्नी के मंत्री होने का घमंड साफ झलक रहा है,उनके द्वार ही विभागीय एवं शासन के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, चुनाव जीतने और पत्नी के मंत्री बनने के बाद से उनके व्यवहार में जबरजस्त बदलाव भी देखा जा रहा है,यह लोगो में भी चर्चा का विषय है । तो वहीं मंत्री पति विभागीय कार्यो में कुछ ज्यादा ही हस्तक्षेप कर रहे हैं। उनके द्वारा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया जाता है, राजधानी में मंत्रालय में बैठे अफसर यह समझ नहीं पाते कि आखिर मंत्री है कौन। विभागीय बैठकों में उनकी मौजूदगी होती है जिससे अधिकारी वर्ग असहज महसूस करते हैं। सूरजपुर जिले के अधिकारी कर्मचारी भी मंत्री पति के कॉल से त्रस्त हो चुके हैं, दिन में कई बार उनके द्वारा अधिकारियों को कॉल कर आदेशात्मक लहजे में बात किया जाता है। एक ताजा मामला अभी कोरिया जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रो में रंगरोगन का सामने आया है, जिसमें मंत्री के द्वारा भाई भतीजावाद करते हुए अपने तथाकथित भाई को रंगरोगन का काम दिया गया है,उस कार्य में भी लीपापोती की जा रही है, घटती-घटना ने अपने पिछले अंक में इससे संबंधित खबर का प्रकाशन किया तो संबंधित रिश्तेदार ने मंत्री पति को फोन किया जिसमें सूत्रों का कहना है कि मंत्री पति द्वारा यह जवाब दिया गया कि पत्रकार का काम है खबर छापना तुम काम करते रहो, यदि सच में ऐसा जवाब मंत्री पति द्वारा दिया गया है तो फिर यह समझा जा सकता है कि वास्तव में मंत्री का सारा कामकाज और विभाग का संचालन मंत्री पति द्वारा ही किया जा रहा है,जो कि बड़ा ही गंभीर विषय है।



### कौन है यह ठाकुर जिसे लोग करवाते हैं पैरवी ?

1975 में एक फिल्म आई थी जो लोगों को काफी पसंद आई थी और इस फिल्म ने काफी नाम कमाया था इस फिल्म का नाम था शोले,इस फिल्म में भी एक ठाकुर नाम काफी चर्चा में था उसे समय, उसे किरदार को सभी लोग जानते होंगे और सभी ने उसे फिल्म को देखा भी होगा इसलिए उसे पर ज्यादा कहना जरूरी नहीं है पर इस समय छत्तीसगढ़ में एक ठाकुर काफी फेमस होते जा रहे हैं, अब यह ठाकुर कौन है यह सवाल है? इस समय जिस भी पूछो उनका यही कहना है की ठाकुर से बात हो गई है किसी भी काम के पैरवी के लिए लोग ठाकुर को फोन लगाते हैं, अधिकांश पर संरक्षण देने वाले ही या भ्रष्टाचार बढ़ाने वाले ही ठाकुर को फोन लगाते हैं, अब यह ठाकुर छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री से काम नहीं है? छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री की जितनी चर्चा नहीं है उतनी इस ठाकुर की चर्चा आखिर यह ठाकुर कौन है? किसी कैबिनेट मंत्री के रिश्तेदार हैं या फिर वह अपने आप को कैबिनेट मंत्री से काम नहीं समझते हैं?

### क्या मंत्री का रिश्तेदार होना ही नियम विरूद्ध काम की देता है इजाजत ?

कोरिया जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में रंगरोगन का काम महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के भाई केशव राजवाड़े के द्वारा किया जा रहा है,उक्त युवक छात्र संगठन एबीवीवी का जिला संयोजक भी बतलाया जाता है। एक आंगनबाड़ी केन्द्र में पुताई हेतु 3000 रूपये की राशि स्वीकृत है जबकि जिस पेंटर के माध्यम से रंगरोगन का काम कराया जा रहा है उसे मात्र 1000 रूपये प्रति आंगनबाड़ी दिया जा रहा है। नियम के तहत 3 लाख रूपये से अधिक के कार्यो के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है लेकिन महिला बाल विकास विभाग में निविदा प्रक्रिया का पालन भी नही किया जाता और इस प्रकार भाई-भतीजावाद करते हुए चहेतो को काम दिया जाता है। महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के भाई को कोरिया जिले के आंगनबाड़ियों के रंगरोगन का काम दिया गया है जबकि अन्य रिश्तेदारों को दूसरे जिले का काम दिया गया है। विश्वस्त सूत्रों का कहना है सारे काम का जिम्मा मंत्री पति द्वारा ही लिया गया है और उनके इशारे पर ही विभागीय अधिकारी रिश्तेदारों को काम दे रहे हैं। सवाल उठता है कि क्या मंत्री का रिश्तेदार होना ही नियम विरूद्ध काम की इजाजत देता है।

### खबर प्रकाशन के बाद मंत्री पति ने दिखलाया पत्नी के मंत्री होने का घमंड

घटती-घटना अखबार ने अपने 13 मई के अंक में क्या कोरिया के आंगनबाड़ी केन्द्रों में महिला बाल विकास मंत्री का रिश्तेदार करा रहा रंगरोगन का काम इस शीर्षक के साथ खबर का प्रकाशन कर भाई भतीजावाद किये जाने की बात कही थी। जैसा कि सूत्रों का कहना है कि इस खबर के बाद काम करने वाले युवक ने मंत्री पति ठाकुर राजवाड़े को कॉल लगाया जिसके बाद मंत्री द्वारा युवक को पूरा सहयोग देते हुए यह कहा गया कि अपना काम जारी रखो पत्रकार का काम ही है खबर छापना। जाहिर सी बात है ऐसे भाई-भतीजावाद करने से मंत्री की साख गिर रही है,साथ ही साथ सरकार पर भी उंगली उठती है लेकिन मंत्री पति द्वारा ऐसा कहा जाना समझ से परे है। एक तो मंत्री पति का विभाग और कार्यो में जबरन का हस्तक्षेप और और ऊपर से गलत कार्यो में भरपूर सहयोग। इससे ऐसा प्रतीत होता है जैसा कि उन्हे एहसास है कि भविष्य में मंत्री पद को लेकर कुछ भी हो सकता है,जितना समय है उसी में खुद के करीबियों को जितना हो सके उतना उपकृत करते चलो। यही नही इससे ऐसा भी लगता है जैसे मंत्री पति पर पत्नी के मंत्री होने का घमंड सर चढकर बोल रहा है और सत्ता या पद स्थायी है उन्हे ऐसी गलतफहमी है।

### हर जगह दिख रहा मंत्री पति का हस्तक्षेप

महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े नाम मात्र की हैं उनके द्वारा वही काम किया जाता है जिसका आदेश उन्हे पति द्वारा दिया जाता है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि मंत्री सिर्फ हस्ताक्षर करती है बाकि निर्णय पति द्वारा लिया जाता है। सूत्रों ने बतलाया कि मंत्री पति द्वारा हर शासकीय काम काज एवं विभागीय कार्यो में भी हस्तक्षेप किया जाता है। अभी अचार संहिता प्रभावशील है लेकिन इसके पहले राजधानी में जितनी भी विभागीय बैठक होती थी उसमें भी मंत्री पति खुद शामिल रहकर अधिकारियों को निर्देश देते हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि सूरजपुर जिले के अधिकारी कर्मचारी भी मंत्री पति के फोन कॉल से परेशान हैं उनके द्वारा अधिकारी कर्मचारियों को आदेशात्मक कॉल किया जाता है। यही नही विभाग से मिली वाहन का उपयोग भी मंत्री पति अपने दौरे के लिए करते हैं जैसा कि सूत्रों का कहना है।

## भाई संग अन्य रिश्तेदार खराब कर रहे मंत्री की छवि

बतलाया जाता है कि मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को उनके तथाकथित भाई केशव राजवाड़े एवं अन्य रिश्तेदारों ने इस कदर घेर रखा है कि कई पार्टी कार्यकर्ता भी अपनी बात मंत्री तक खुलकर नही रख पा रहे हैं। मंत्री के पास गोपनीयता की कमी रिश्तेदारों के कारण ही बनी हुई है। मंत्री को उटपटांग सलाह भी रिश्तेदारों द्वारा ही दिया जाता है ऐसे रिश्तेदार मंत्री के सिपहसलार बने हुए हैं जिन्हे राजनीति का थोड़ा भी अनुभव नही है। मंत्री के रिश्तेदार यह चाहते हैं कि किसी भी काम के लिए लोग पहले उनसे संपर्क करें फिर नफा नुकसान का आंकलन करते हुए बात मंत्री तक पहुचाई जाए,हलाकि इसके बाद भी निर्णय मंत्री पति द्वारा ही लिया जाता है। मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में ऐसे रिश्तेदारों की वजह से अराजकता की स्थिति भी निर्मित हो रही है। डायरी और पेन लेकर मंत्री के साथ घुमते हुए यह रिश्तेदार ऐसा शो करते देखे जाते हैं जैसे सर्वेसर्वा बन गए हों और ऐसे ही रिश्तेदार खुद मंत्री की छवि खराब कर रहे हैं जिसका खामियाजा आने वाले समय में मंत्री को ही भुगतना पड़ेगा। भाई-भतीजावाद करने की शिकायत कार्यकर्ताओं द्वारा संगठन स्तर पर भी किये जाने की जानकारी मिल रही है।

## विधानसभा क्षेत्र में निर्माण कार्यों की स्वीकृति भी पति की इच्छा पर

प्रदेश की महिला बाल विकास मंत्री का निर्वाचन क्षेत्र भटगांव विधानसभा है यह क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से भी काफी बड़ा है। बतलाया जाता है कि क्षेत्र का विधायक होने के नाते ग्रामीण जन विकास कार्य की जब मांग करते हैं तो क्षेत्र में निर्माण कार्यो की स्वीकृति मंत्री पति की इच्छा पर ही संभव है। लोग यह भी कहते सुने जाते हैं कि काम के लिए बात...भैया से हो चुका है। ऐसे में एक महिला जनप्रतिनिधी के अधिकार का भी उल्लंघन तो हो ही रहा है नागरिकों का भी कहना है कि हमने तो विधायक लक्ष्मी राजवाड़े को चुना था ना कि उनके पति को...।

# मुस्लिम राष्ट्रीय मंच युवा प्रकोष्ठ द्वारा विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाने चाहिए:अफजल खान



-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,15 मई 2024
(घटती-घटना)।

विगत दिनों मुस्लिम राष्ट्रीय मंच युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अफजल खान दो दिवसीय सरगुजा संभाग के दौरे पर रहे।जहां उन्होंने मुस्लिम राष्ट्रीय मंच युवा प्रकोष्ठ के सरगुजा संभाग संयोजक इरशाद अंसारी के नेतृत्व में मनेंद्रगढ़,चिरमिरी, बैकुंठपुर,बलरामपुर,रामानुजगंज ,जशपुर एवं अंबिकापुर क्षेत्र का दौरा किया। मंच के कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह फूल माला पहना कर प्रदेश संयोजक का भव्य स्वागत किया गया, इस दौरान अफजल खान द्वारा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच युवा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक का आयोजन भी किया गया।उन्होंने बैठक में कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र में मंच का विस्तार कर नवीन कार्यकारणी का गठन कर उन्हें तत्काल सूचित करें। उन्होंने मुस्लिम राष्ट्रीय मंच युवा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं से कह कि वे अपने रूट्स कार्यक्रम के तहत मुस्लिम समुदाय को उनके पूर्वजों के रीति-रिवाजों से जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित करें।यह आयोजन एक सांस्कृतिक पहल है जो मुस्लिम समुदाय की विरासत को संजोने और महत्व देने का प्रयास करती है। इसके माध्यम से युवा पीढ़ी को अपने पूर्वजों की संस्कृति,परंपराओं और रीति-रिवाजों का महत्व समझाया जाता है, जिससे समाज में गहरा जुड़ाव बना रहता है। इस प्रकार के कार्यक्रम समुदाय के सदस्यों के बीच सामाजिक सद्भावना, कॉलेजियम और एकता को बढ़ावा देते हैं,जो सामुदायिक सहयोग और समृद्धि को प्रोत्साहित करता है। इसलिए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच युवा प्रकोष्ठ ने सांस्कृतिक और सामाजिक एकता को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान उन्होंने मंच के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मंच द्वारा विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाने चाहिए,जैसे समाज में जागरूकता के लिए कार्यशालाएँ,संविधान की रक्षा के लिए योजनाएँ और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम। अपने दौरे के उद्देश्य और महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए उन्होंने दौरे के दौरान सार्वजनिक संपर्क भी किया। उनका मानना है इससे लोगों में आत्म-जागरूकता और सहयोग की भावना बढ़ती है। उन्होंने विगत दिनों रामनवमी के पावन पर्व पर मनेंद्रगढ़ नगर में भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा में मंच के सरगुजा संभाग संयोजक इरशाद अंसारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भक्तों में किए गए फल एवं पानी पाउच वितरण के कार्य की सराहना की और कहा कि इससे समाज में एक अच्छा संदेश जाएगा।

# जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने पर अपराधियों पर होगी कड़ी कार्रवाई







-विशेष संवाददाता-
एमसीबी,15 मई 2024
(घटती-घटना)।

अंकित गर्ग पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज के द्वारा जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में निवासरत ऐसे अपराधी जो लगातार अपराध करते आ रहे है,जिनके अपराधिक कृत्य से क्षेत्र के आम लोगों में भय व्याप्त है। लोक व्यवस्था-लोकशांति के लिए खतरा है,जिनके विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किये जाने के उपरांत भी अपनी अपराधिक गतिविधियों में कोई सुधार नहीं किया है तथा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है। ऐसे अपराधियों के विरूद्ध जिला बदर के प्रकरण तैयार करने हेतु जिला के थाना प्रभारीगणों को कार्यवाही किये जाने हेतु बताया गया। चन्द्रमोहन सिंह पुलिस अधीक्षक जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा जिला के समस्त थाना प्रभारी को आदेश दिये गये कि अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर जिला बदर के प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत करें। थाना प्रभारी मनेन्द्रगढ़ द्वारा 1. मनोज खटीक पिता स्व0 छेदीलाल खटीक उम्र 31 वर्ष निवासी वार्ड नं. 5 मौहारपारा मनेन्द्रगढ़, 2. गफ्फार



अंसारी पिता मीरदीन अंसारी उम्र 45 वर्ष निवासी वार्ड नं. 10 बस स्टेण्ड के पास मनेन्द्रगढ़ जिला एमसीबी(छ0ग0),थाना प्रभारी चिरमिरी द्वारा राजू गुप्ता पिता स्व0 जगरनाथ गुप्ता उम्र 25 वर्ष निवासी टीचर कालोनी बाजारपारा डोमनहील चिरमिरी थाना चिरमिरी जिला एमसीबी (छ.ग.),थाना प्रभारी पोंड़ी द्वारा लक्की मिश्रा पिता संजय मिश्रा उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम सेमरा थाना पोंड़ी जिला एमसीबी (छ0ग0) एवं थाना प्रभारी खड़गवां द्वारा अनिल कुमार साहू पिता शिवबहोरन,उम्र 30 वर्ष निवासी बरमपुर थाना खड़गवां जिला एमसीबी (छ.ग.) के अपराधिक अभिलेख के आधार पर जिला बदर के प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत करने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जिला बदर किये जाने




हेतु प्रतिवेदन जिला दण्डाधिकारी मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर को प्रस्तुत किया गया। थाना प्रभारीगण द्वारा साक्षी गणों को न्यायालय जिला दण्डाधिकारी में नियत दिनांक को कथन हेतु उपस्थित कराया गया। आरोपी गणों के विरुद्ध थानों में गंभीर धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध होकर विवेचना की गई है। आरोपीगण अपने कृत्य से फरियादी गवाहों डराने धमकाने से बाज नहीं आये। इनके द्वारा प्रकरण को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता रहा है। जमानत पर छुटने के बाद बेखौफ होकर क्षेत्र में को लोगों को डराने धमकाने से लोक व्यवस्था लोक शांति भंग करने का प्रयास करते रहते है इनके विरूद्ध स्थानीय लोगों में आक्रोश एवं क्षोभ व्याप्त है।

### इन्हे किया गया है जिला बदर

1. थाना चिरमिरी अंतर्गत राजू गुप्ता पिता स्व0 जगरनाथ गुप्ता उम्र 25 वर्ष निवासी टीचर कॉलोनी बाजार पर डोमनहिल चिरमिरी थाना चिरमिरी जिला एमसीबी (छ.ग.) को जिला बदर किया गया। जो जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं इसके सीमावर्ती राजस्व जिला कोरिया, कोरबा, पेण्ड्रा-गौरेला-मरवाही, अनूपपुर, शहडोल, सीधी जिलों के क्षेत्र से 12 अप्रैल 2024 से 15 जून 2024 तक कुल 02 माह 03 दिवस के लिये जिला बदर किया गया है।

2. थाना पोड़ी अंतर्गत लक्की मिश्रा पिता संजय मिश्रा उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम सेमरा थाना पौड़ी जिला एमसीबी (छ.ग.) को जिला बदर किया गया। जो जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं इसके सीमावर्ती राजस्व जिला कोरिया, कोरबा, पेण्ड्रा-गौरेला-मरवाही, अनूपपुर, शहडोल, सीथी जिलों के क्षेत्र से 12 अप्रैल 2024 से 15 जून 2024 तक कुल 02 माह 03 दिवस के लिये जिला बदर किया गया है।

3. थाना मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत मनोज खटिक पिता स्व0 छेदीलाल खटिक उम्र 31 वर्ष निवासी वार्ड नं0 05 मौहारपारा मनेन्द्रगढ़ जिला एमसीबी (छ.ग.) को जिला बदर किया गया। जो जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं इसके सीमावर्ती राजस्व जिला कोरिया, कोरबा, पेण्ड्रा-गौरेला मरवाही, अनूपपुर, शहडोल, सीधी जिलों के क्षेत्र से 23 अप्रैल 2024 से 15 जून 2024 तक कुल 01 माह 23 दिवस के लिये जिला बदर किया गया है।

4. थाना मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत गफ्फार अंसारी पिता मीरदीन अंसारी उम्र 45 वर्ष निवासी वार्ड नं0 10 बस स्टेण्ड के पास मनेन्द्रगढ़,जिला एमसीबी (छ.ग.) को जिला बदर किया गया। जो जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं इसके सीमावर्ती राजस्व जिला कोरिया, कोरबा, पेण्ड्रा-गौरेला-मरवाही, अनूपपुर, शहडोल, सीथी जिलों के क्षेत्र से दिनांक 23 अप्रैल 2024 से 23 अप्रैल 2025 तक कुल 12 माह के लिये जिला बदर किया गया है।

5. थाना खड़गवां अंतर्गत अनिल कुमार साहू पिता शिवबहोरन, उम्र 30 वर्ष निवासी बरमपुर थाना खड़गवां जिला एमसीबी (छ.ग.) को जिला बदर किया गया। जो जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं इसके सीमावर्ती राजस्व जिला कोरिया, कोरबा, पेण्ड्रा-गौरेला-मरवाही, अनूपपुर, शहडोल, सीधी जिलों के क्षेत्र से दिनांक 23 अप्रैल 2024 से 23 अप्रैल 2025 तक कुल 12 माह के लिये जिला बदर किया गया है।

जिला बदर किये गये सभी व्यक्तियों पर सतत् निगरानी रखी जा रही है। श्री डी. राहुल वेंकट, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा जारी किये गये अवधि में जिला बदर किये गये है यदि जिला बदर किये गये जिला तथा सीमावर्ती जिलों में उपस्थित या लुकते छिपते पाये जाने पर विधिअनुसार कार्यवाही की जायेगी।

# पुलिस ने एक बड़े घोटालेबाज को दिल्ली से किया गिरफ्तार

-संवाददाता-
कोरबा, 15 मई 2024
(घटती-घटना)।



जिले के बालको थाना क्षेत्र से दिनांक 12-05-2024 को दो ट्रक क्रमांक GJ12 BX 9094 एवं GJ 17 XX 0542 में बालको से एक करोड़,अस्सी लाख रुपये की कीमती एल्युमिनियम शीलपट्टियों को सिलवासा गुजरात के लिए रवाना किया गया था जो वहां नहीं पहुंची उसे ले जाने वाले ट्रक चालको द्वारा आपराधिक विश्वासघात कर किसी अन्य जगह ले जाने की रिपोर्ट की गई थी । जिस पर थाना बालको में 406 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था । मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर वैधानिक कार्यवाही करते माल मुजरिम का पता तलाश किया जाते रहा,जो मुखबिर की सूचना पर कि माल को दिल्ली में खपाने हेतु ले जाया जा रहा कि उक्त सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस चौहान एवं नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीभा मरकाम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बालको अभिनव कांत सिंह के नेतृत्व में बालको पुलिस टीम त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों एवं मशरूका की पता तलाश एवं धर पकड हेतु सूचना तंत्र लगाकर दिल्ली रवाना हुई जहां उक्त ट्रकों के माल को दूसरे ट्रक RJ 52 G 9662 एवं ट्रक क्र. HR 38 AC 8899 में पल्टी कर खपाने हेतु दिल्ली में ले जाने पर दिल्ली से मशरूका (एल्युमिनियम) कीमती एक करोड अस्सी लाख रू. को दिल्ली में आरोपी नासिर पिता रफीक, उम्र 23 वर्ष, सा. फिरनी रास्ता, ग्राम रानीका, थाना व जिला नुहु (हरियाणा) के कब्जे से बरामद किया गया द्ध बरामद समान एवं आरोपी को वापस कोरबा लाया गया जिसे अप.क्र.- 248/2024 धारा 406 भादवि, जोड़ने धारा 381,411,34 भादवि के तहत न्यायिक अभिरक्षा हेतु भेजा गया है । मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों का पता तलाश जारी है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बालकोनगर अभिनवकांत सिंह, सउनि धनंजय जाटवर, प्र.आर. 336 राजनारायण सिंह, आर. 40 सलामुद्दीन हवारी, आर.826 संजीव सिंह का विशेष योगदान रहा है।



# परिवहन विभाग द्वारा 1284 प्रकरण के साथ वसूला गया 21 लाख 87 हजार शमन शुल्क

-संवाददाता-
कोरबा, 15 मई 2024
(घटती-घटना)।

कोरबा जिला के परिवहन विभाग के उड़नदस्ता दल द्वारा लापरवाह वाहन चालकों पर लगाम कसने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है । इसके बाद भी वाहन चालकों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है । माह अप्रैल में विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए इन लापरवाह वाहन चालकों के कुल 1284 प्रकरण दर्ज किए गए,जिसके अंतर्गत 21 लाख 87 हजार शमन शुल्क वसूला गया । जिले में दिन प्रतिदिन वाहनों की संख्या बढ़ने से आए दिन सड़क हादसे भी घटित हो रहे है ,इन घटित सड़क हादसों पर रोक लगाने पुलिस और प्रशासन हर संभव प्रयासरत है साथ ही यातायात पुलिस के द्वारा भी चौक चौराहों पर भी लगातार वाहनों की जांच की जा रही है जिससे शहरी क्षेत्रों में दुर्घटना में कमी आ सके साथ ही दूसरी ओर जिला परिवहन विभाग के उड़नदस्ता दल द्वारा अंचल के बाहर राज्य और राष्ट्रीय मार्गों पर लगातार कार्यवाही जारी है,ताकि सड़क नियमों का उचित पालन हो सके एवं सड़क हादसों पर भी लगाम लगाया जा सके,जिसके लिए परिवहन विभाग के उड़ान दस्ता दल द्वारा शक्त कार्यवाही की जा रही है,जिसका परिणाम स्वरूप काफी हद तक भारी वाहनों में अधिभार और तेज रफ्तार चलने वालों पर कमी आई है ।

# पोंडी-उपरोड़ा ब्लाक के 55 लोगों ने कराई मोतियाबिन्द सर्जरी



-संवाददाता-
कोरबा, 15 मई 2024
(घटती-घटना)।

ऑख है तो समझिये सारा जहां आपके पास व साथ है, इसके बगैर इंसान की दुनिया में अंधेरा ही अंधेरा है। कोरबा जिले को मोतियाबिंद दृष्टिहीनता से मुक्त करने के लिए कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग का नेत्र चिकित्सा विभाग लगातार प्रयासरत है। डॉ. केशरी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी के मौसम में मोतियाबिंद का ऑपरेशन नहीं कराने की व्याप्त गलत धारणा के कारण केवल सर्दियों में मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया जाता है। उन्होंने बताया कि यह धारणा निराधार है जिससे उपचार में अनावष्यक देरी हो सकती है साथ ही आगे और दृष्टिगत समस्या हो सकती है।

# आत्मरक्षा प्रशिक्षण के नाम लाखों की वसूली

» नहीं मिला...
स्कूली बच्चों को लाभ...

-सोनू कश्यप-
प्रतापपुर, 15 मई 2024
(घटती-घटना)।



शासन द्वारा विद्यालयों में अध्यनरत छात्रांओं को विपरीत परिस्थितियों में सेल्फ डिफेंस हेतु कराटे एवं आत्मरक्षा कौशल का प्रशिक्षण सभी मिडिल,हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्तर पर 3 महीने दिया जाकर छात्राओ में सेल्फ डिफेंस क्षमता विकसित किया जाना है इस हेतु पुरे प्रदेश में रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। विकासखंड प्रतापपुर में प्रशिक्षण हेतु प्राइवेट एजेंसी को उत्तरदायित्व दिया गया था। जिन्हें प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न करना था। प्रशिक्षण मे प्रशिक्षकों को 3 महीना प्रतिदिन विद्यालय में उपस्थित होकर लगभग दो घंटा प्रशिक्षण देना था,आत्मरक्षा संबंधी बातें बताते हुए नोट्स बनवाने थे, प्रशिक्षण उपरांत छात्राओ को प्रमाण पत्र भी प्रदान करना था। जिसके एवज में सभी विद्यालयों को प्रशिक्षण देने वालों के खाते में ₹15000 , PMFS के माध्यम से भुगतान करना था। सूरजपुर जिले में प्रशिक्षण देने वाली एजेंसी ने शासन के महत्वपूर्ण योजना के नाम पर करोड़ों की वसूली तो किया पर स्कूली बच्चों को कुछ भी नहीं मिला । लगभग 80 परसेंट विद्यालयों में 3 महीने के स्थान पर 10 से 15 दिन ही प्रशिक्षण का आयोजन हुआ है। प्रशिक्षण अवधि भी 2 घंटे के स्थान पर 15 से 20 मिनट ही रहा है। प्रशिक्षण देने वाला कोई भी व्यक्ति आत्मरक्षा प्रशिक्षण का जानकार नहीं था। स्कूली बच्चों को आत्मरक्षा से संबंधित कोई भी नोट्स नहीं बनवाया गया है। ना ही छात्राओ को कोई प्रमाण पत्र ही दिया गया है। प्रशिक्षण के नाम पर पूरी तरह से खानापूर्ति की गई है एवं शासन के महत्व कांक्षी योजना को मजाक बनाकर ₹15000 के हिसाब से विकासखंड प्रतापपुर एवं जिले के हजारों स्कूलों से कई लाख रुपए वसूल लिए है। रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के नाम पर हुए भ्रष्टाचार की जांच किसी बड़े एजेंसी से कराकर प्रशिक्षण के नाम पर खाना पूर्ति करने वाले दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए ताकि भविष्य में शासन के ऐसी महत्वपूर्ण योजनाओं को निचले स्तर पर मजाक ना बनाकर इसका पूरा-पूरा लाभ बच्चों को दिया जा सके।

अधिकारियों की मिली भगत से प्रतापपुर विकासखंड शाहिद पूरे जिले में इसका गोरख धंधा चलता रहा और बिना प्रशिक्षित कराटा मास्टर के नाम पर फर्जीवाड़ा करते हुए भुगतान किया गया

स्कूली छात्राओं ने बताया कि किसी प्रकार का प्रशिक्षण दिए बिना सिर्फ खाना पूर्ति करते हुए कराता के नाम पर लड़कियों के आत्मरक्षा के लिए सिखाए गए प्रशिक्षण का किसी प्रकार का लाभ नहीं मिल पाया वही तपेश्वर में शिक्षकों ने भी यह माना कि शासन का यह पैसा सिर्फ कागजों में खाना पूर्ति करने के लिए आया हुआ था इसकी शिकायत अधिकारियों से भी की गई मगर किसी प्रकार का पहल नहीं किया गया जो जांच का विषय है।

अधिकारियों की मिली भगत से सर कलाकारनामा कागजों में सिमट कर रह गया और प्रशिक्षण के नाम पर लाखों करोड़ों रुपए डकार लिए गए जोश जिसकी सत्यता जांच करने पर सामने आएगी

इस विषय में जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर राम ललित पटेल ने बताया कि मामले की जांच करता हूं। और बिना प्रशिक्षण दिए भुगतान कैसे हुआ जांच कराई जाएगी,इस विषय में सूरजपुर डीएमसी शशिकांत सिंह ने कहा कि मामले की जांच करने के लिए टीम गठित करता हूं पूर्व में भी इसकी शिकायत प्राप्त हो चुकी है और शासन के पैसा को दुरुपयोग करने वाले लोगों को एवं कम अवधि में करता करवाने वाले के ऊपर में कार्यवाही की जाएगी, यह योजना शासन का महत्वपूर्ण योजना था।

जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल ने कहा कि यह जिले के शिक्षा विभाग के डीएमसी सूरजपुर मत से प्रशिक्षण का कार्य हुआ था अगर भ्रष्टाचार हुआ है तो जांच होगी इस विषय में डीएमसी से बात करें।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय में छात्र- छात्राओं की प्रवेश प्रक्रिया लाटरी के तहत संपन्न हुई



-संवाददाता-
कुसमी, 15 मई 2024
(घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के कुसमी विकासखंड के सेमरा ग्राम में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ ( अंग्रेजी माध्यम ) उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कुसमी एडीएम करुण डहरिया एवं बीईओ रामपथ यादव के मौजुदगी में बुधवार को लाटरी प्रक्रिया के तहत नवीन छात्र छात्राओं का प्रवेश प्रक्रिया सफलता पूर्वक संपन्न हुआ,जानकारी के मुताबिक पहली कक्षा में 50 सीट और दुसरी से लेकर बारहवीं कक्षा तक में 11 सीट रिक्त था , वही कार्यक्रम में पहुंचे एडीएम करुण डहरिया ने छात्र छात्राओं के अभिभावकों से कहा की आप लोगो के सामने विडियोग्राफी के साथ पारदर्शिता अपनाते हुए नवीन छात्र छात्राओं को विद्यालय में प्रवेश दिया जा रहा है, चयनित छात्र छात्राओं के अभिभावक गण समय अवधि तक प्रवेश के लिए जो भी जरूरी दस्तावेज है उसे विद्यालय में जमा करे, कार्यक्रम में नायब तहसीलदार अनुग्रह केरकेट्टा, मानिकचंद गुप्ता,पुर्व जनपद उपाध्यक्ष जन्मजेय सिंह,विनोद गुप्ता, पवन अग्रवाल विद्यालय के प्राचार्य अविनाश मिश्रा सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका और काफी संख्या में छात्र छात्राओं के अभिभावक गण शामिल रहे।

# तीन लोगों पर भालुओ ने किया हमला

-संवाददाता-
सूरजपुर, 15 मई 2024
(घटती-घटना)।



बुधवार की सुबह बकालो जंगल मे तेंदूपत्ता तोड़ने गए तीन लोगों पर भालुओ ने हमला कर इन्हें जख्मी कर दिया है। जिनको उपचार के लिए सूरजपुर जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए लाया गया है। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दो की हालत गम्भीर होने पर अम्बिकापुर चिकित्सालय रिफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रेमनगर क्षेत्र के ग्राम बकालो के अनुस राम, शिवराम व सुखमनिया जंगल मे बुधवार को तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे। जहां उन लोगो पर भालुओ ने अचानक हमला कर दिया। भालुओ के अचानक हमला करने से तीनों गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। जिनका स्थानीय चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद सूरजपुर जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां से शिवा और अनुस को अम्बिकापुर चिकित्सालय रिफर किया गया है और महिला का उपचार सूरजपुर जिला चिकित्सालय में किया जा रहा है।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में सत्र 2024-25 प्रवेश हेतु परीक्षा का आयोजन

-संवाददाता-
सूरजपुर, 15 मई 2024(घटती-घटना)।

जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में सत् 2024-25 में प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन 18 मई 2024 दिन- शनिवार को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक सूरजपुर जिले के 09 केन्द्रों में आयोजित किया जाना है। जिसमें जिले के 2393 पात्र विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। सूरजपुर जिले में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर, शासकीय नवीन महाविद्यालय ओड़गी, एकलव्य आदर्श आवा. विद्यालय शिवप्रसादनगर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रेमनगर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रतापपुर, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रतापपुर, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय प्रतापपुर, अचीवर्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रतापपुर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर परीक्षा केन्द्र हेतु निर्धारित किया गया है।

# सशस्त्र झंडा सेना दिवस स्टीकर की राशि अधिकारी को सौंपी गई

खड़गवां, 15 मई 2024(घटती-घटना)। विगत 7 दिसंबर को सशस्त्र झंडा सेना दिवस के उपलक्ष्य में जिला शिक्षा अधिकारी एम0सी0बी0 के द्वारा कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी खड़गवां को 1000 नग टोकन ध्वज एवं 8 नग कार ध्वज विक्रय कर सहयोग राशि एकत्र करने हेतु प्रदान किया गया था । स्टीकर विक्रय कर रुपए 6000 जमा करने का लक्ष्य दिया गया था। किंतु विकास खण्ड खड़गवां के आम जन, अधिकारी गण ,संस्था प्रमुख एवं बच्चों के सहयोग से वर्ष 2023-24 में लक्ष्य के विरुद्ध रु0 11130 एकत्र कर पूर्व सैनिकों, सैन्य विधवाओं एवंआश्रितों के कल्याणकारी योजनाओं में सहयोग हेतु राशि जिला सैनिक कल्याण अधिकारी बैकुंठपुर रंजीत सिंह बिष्ट को विकासखंड शिक्षा अधिकारी बलविंदर सिंह एवं पूर्व सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा प्रदान किया गया। राशि प्राप्त कर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि भविष्य में भी देश की रक्षा में सर्वोच्च त्याग व बलिदान करने वाले वीर शहीदों के प्रति सदैव आप सब का बढ़ चढ़ कर सहयोग एवं आस्था इसी प्रकार बने रहे।




**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0......../अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रतिमा टोप्पो पत्नी विनय टोप्पो जाति उरांव निवासी कुनकुरी तहसील जशपुर जिला-जशपुर (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 खसरा नंबर 4/20 रकबा 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक शा भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 28/05/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी (रा) अंबिकापुर

**न्यायालय नजुल अधिकारी अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा,छत्तीसगढ़**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0-/ब-121/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती नागवन्ती बाई पुत्री गेदा राम पत्नी बालमुकुन्द निवासी ठनगनपारा, अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा मोहल्ला स्कूल रोड नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 144/2 रकबा 0.25 प्लाट नम्बर 1443/5 रकबा 0.05 1/2 एकड़ भूमि से प्रस्तावित नक्शानुसार भू-तल पर रकबा 43.1 वर्गमीटर, प्रथम तल पर रकबा 19.4 वर्गमीटर, द्वितीय तल पर रकबा 19.4 वर्गमीटर भूमि पर आवासीय भवन निर्माण कराने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र मेन्टेनेन्स खसरा एवं प्रस्तावित ब्लूप्रिंट नक्शा की प्रति के साथ भवन निर्माण अनुज्ञा शाखा अम्बिकापुर में प्रस्तुत किया है जो जांच प्रतिवेदन इस न्यायालय में प्राप्त हुआ हैं।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो, तो वे अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 31/05/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं । नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 28/03/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(सील) नजूल अधिकारी अंबिकापुर,

**कार्यालय नगर पंचायत-राजपुर, जिला-बलरामपुर-रा.गंज,छ0ग0**

क्रमांक/679/वि.पं./न.पा./2024-25 राजपुर,दिनांक 14/05/2024

**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण की जानकारी के लिए संबंधित को सूचित किया जाता है कि वर पक्ष श्री निखिलेश टेंभूरणे पिता गंगाधर टेंभुरणे उम्र लगभग 43 वर्ष जाति महर स्थायी निवासी ग्राम लिंगियाडीह, बिलासपुर थाना व तहसील एवं जिला-बिलासपुर (छ0ग0) तथा वर्तमान पता हाउसिंग बोर्ड कालोनी जी-01 क्रमांक 01 महुआपारा राजपुर, जिला-बलरामपुर-रा0गंज, छ0ग0 के वधू पक्ष श्रीमती सचिरानी विश्वास पति स्व0 संजय विश्वास उम्र लगभग 35 वर्ष जाति बंगाली निवासी, ग्राम तांबेश्वरपुर थाना व तहसील रामानुजगंज जिला-बलरामपुर-रा0गंज, छ0ग0 के द्वारा हिन्दू, परम्परा अंतर्गत वर-वधु की आपसी सहमति से विवाह पंजीयन प्रमाण-पत्र हेतु दिनांक 21/12/2023 को इस कार्यालय में शपथ-पत्र एवं अन्य दस्तावेजों के साथ संलग्न कर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस विवाह प्रमाण-पत्र जारी होने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति करना हो तो इस उद्घोषणा के प्रकाशन से 15 दिवस के अन्दर अर्थात दिनांक 28/05/2024 तक कार्यालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 14/05/2024 को सूचना जारी

(सील) मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत-राजपुर जिला-बलरामपुर-रा.गं.,छ0ग0

**न्यायालय नजुल अधिकारी सूरजपुर, जिला-सूरजपुर,छत्तीसगढ़**

रा0प्र0क्र0-/202405262000002 /अ-6

**ईश्तहार**

आगामी तिथि 31/05/2024

इस सार्वजनिक ईश्तहार के जरिये सर्व साधारण आम जनता/संस्था/विभाग को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक अंकित कुमार गुप्ता आ0 अनिल कुमार गुप्ता, उम्र लगभग 28 वर्ष, जाति सौण्डिक, निवासी मनेन्द्रगढ़ रोड सूरजपुर पा0थाना व तहसील एवं जिला सूरजपुर छ0ग0 के द्वारा नगर सूरजपुर स्थित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 2914/4 रकबा 2174 वर्गफीट एवं 2125/1 रकबा 4792 वर्गफीट कुल प्लाट 02 योग रकबा 6966 वर्गफीट भूमि को न्यायालय नजूल अधिकारी सूरजपुर जिला सूरजपुर छ0ग0 के रा.प्र.क्र. 202403262000006 /अ-20(3) में पारित आदेश दिनांक 22/04/2024 के माध्यम से अनुमति प्राप्त कर पंजीकृत दानपत्र दिनांक 01/05/2024 निष्पादित किये जाने पर आवेदक के नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन लंबित है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक/लीगल एजेंट के माध्यम से इस नयायालय में दिनांक 31/05/2024 को न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 14/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

(सील) नजूल अधिकारी सूरजपुर,

**न्यायालय नजुल अधिकारी सूरजपुर, जिला-सूरजपुर,छत्तीसगढ़**

रा0प्र0क्र0-202405262000003 /अ-6

**ईश्तहार**

आगामी तिथि 31/05/2024

इस सार्वजनिक ईश्तहार के जरिये सर्व साधारण आम जनता/संस्था/विभाग को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक अंकित कुमार गुप्ता आ0 अनिल कुमार गुप्ता, उम्र लगभग 28 वर्ष, जाति सौण्डिक, निवासी मनेन्द्रगढ़ रोड सूरजपुर पा0थाना व तहसील एवं जिला सूरजपुर छ0ग0 के द्वारा नगर सूरजपुर स्थित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 2124/1 रकबा 4792 वर्गफीट भूमि को न्यायालय नजूल अधिकारी सूरजपुर जिला सूरजपुर छ0ग0 के रा.प्र.क्र. 202403262000007 /अ-20(3) में पारित आदेश दिनांक 22/04/2024 के माध्यम से अनुमति प्राप्त कर पंजीकृत दानपत्र दिनांक 01/05/2024 निष्पादित किये जाने पर आवेदक के नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन लंबित है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक/लीगल एजेंट के माध्यम से इस नयायालय में दिनांक 31/05/2024 को न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 14/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

(सील) नजूल अधिकारी सूरजपुर,

# गुजरात और सनराइजर्स के बीच मुकाबला आज

» गुजरात के खिलाफ मुकाबले में सनराइजर्स की नजरें प्लेऑफ में जगह बनाने पर...




**नई दिल्ली,15 मई 2024।** प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाने के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेआफ में जगह बनाने के लिये गुरुवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सिर्फ एक जीत की जरूरत है जबकि गुजरात की टीम प्रतिष्ठा के लिये ही खेलेगी। पैट कमिंस की टीम की नजरें हालांकि शीर्ष दो में जगह पक्की करने पर लगी है। उन्हें इसके बाद एक मैच और खेलना है और उनका नेट रनरेट भी प्लस 0.406 है। सनराइजर्स के 12 मैचों में 14 अंक है और वह अधिकतम 18 अंक हासिल कर सकती है जिससे शीर्ष दो में उसकी जगह पक्की हो जायेगी। इस मुकाबले से पहले सनराइजर्स को एक सप्ताह का ब्रेक मिला है जिससे वे तरोताजा होकर मैदान पर लौटेंगे। इसके अलावा आठ मई को लखनऊ सुपर जाइंट्स पर रिकॉर्ड जीत दर्ज करने के बाद उसके हौसले वैसे भी बुलंद है। गेंदबाजों ने लखनऊ को कम स्कोर पर रोका तो ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने 166 रन का लक्ष्य दस विकेट बाकी रहते 9 . 4 ओवर में ही हासिल कर लिया।

सनराइजर्स ने इस सत्र में जहां अविश्वसनीय स्कोर बनाये हैं तो शर्मनाक पराजय भी झेली है। गुजरात ने उसे टूर्नामेंट में सात विकेट से हराया था। पिछले पांच मैचों में से तीन में उसे पराजय झेलनी पड़ी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने उसे 35 रन से , चेन्नई सुपर किंग्स ने 78 और मुंबई इंडियंस ने सात विकेट से हराया। 2016 की चैम्पियन टीम बल्लेबाजी में हेड और शर्मा पर बुरी तरह निर्भर है। उनके नाकाम रहने पर उसकी पारी लड़खड़ा जाती है लिहाजा नीतिश रेड्डी, हेनरिच क्लासेन और अब्दुल समद को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। दूसरी ओर 13 में से सिर्फ पांच मैच जीत सकी गुजरात के 11 अंक ही हैं और वह जीत के साथ विदा लेना चाहेगी।

पूर्व कप्तान हार्दिक पंड्या के इस सत्र में मुंबई इंडियंस के पास लौटने के बाद गुजरात की टीम में संतुलन नजर नहीं आया। पंड्या ने 2022 की खिताबी जीत और पिछले साल फाइनल तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई थी। चोट के कारण मोहम्मद शमी के पूरे सत्र से बाहर होने का खामियाजा भी उसे भुगतना पड़ा। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पिछला मैच बारिश में धुल गया लेकिन गेंदबाजों ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पहले तीन ओवर में तीन विकेट लेकर उम्मीद जगाई थी।

बल्लेबाजी में कप्तान शुभमन गिल और बी साई सुदर्शन पर एक बार फिर अच्छी शुरूआत देने की जिम्मेदारी होगी। डेविड मिलर इस सत्र में फॉर्म में नहीं दिखे लेकिन आखिरी मैच में वह उपयोगी पारी खेलना चाहेंगे।

**टीमें...**

**सनराइजर्स हैदराबाद:-** पैट कमिंस (कप्तान),अभिषेक शर्मा,ट्रेविस हेड,हेनरिच क्लासेन (विकेटकीपर),ऐडन मार्करम, अब्दुल समद,नीतिश रेड्डी,शाहबाज अहमद,भुवनेश्वर कुमार,जयदेव उनादकट,टी नटराजन,मयंक मार्कंडेय,उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह,ग्लेन फिलिप्स,राहुल त्रिपाठी,वाशिंगटन सुंदर,उपेन्द्र यादव, झटवेध सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत,फजलहक फारूकी,मार्को यानसेन, आकाश महाराज सिंह और मयंक अग्रवाल।

**गुजरात टाइटंस:-**शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर,मैथ्यू वेड,रिद्धिमान साहा, रॉबिन मिंज,केन विलियमसन,अभिनव मंधार,बी साई सुदर्शन,दर्शन नालकंडे, विजय शंकर,अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान,जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी,शशांत मिश्रा,स्पेंसर जॉनसन,नूर अहमद,साई किशोर,उमेश यादव,राशिद खान,जोशुआ लिटिल,मोहित शर्मा और मानव सुतार।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### महान बॉक्सर माइक टायसन एक बार फिर रिंग में रखेंगे कदम

» यूट्यूबर से करेंगे मुकाबला...



**रियोडीजनेरियो,15 मई 2024।** बॉक्सिंग की दुनिया में माइक टायसन बहुद बड़ा नाम है। इस दिग्गज मुक्केबाज ने अपने पंच से कई मुक्केबाजों के करियर खत्म किए हैं। साल 2024 में अपना आखिरी मुकाबला खेलने वाले टायसन अब एक बार फिर रिंक में उतरने की ठान चुके हैं। टायसन एक बार फिर बॉक्सिर रिंग में उतरेंगे। टायसन का मुकाबला यूट्यूबर से मुक्केबाज बने जैक पॉल से होगा।

ये मुकाबला अब से दो महीने बाद यानी 20 जुलाई को टेक्सास के एर्लिंग्टन में स्थित एटी एंड टी स्टेडियम में खेला जाएगा। 1980-90 के दशक में अपने खेल से आतंकित करने वाले टायसन ने कहा कि उन्हें दो दशक बाद एक बार फिर रिंग में उतरने से किसी तरह की परेशानी नहीं है। पूर्व हैवीवेट चैंपियन टायसन ने कहा कि वापसील का फैसला लेना उनके लिए मुश्किल नहीं था। उन्होंने कहा कि, इसमें ज्यादा सोचना नहीं पड़ा। वह नए हैं और इस खेल में आने वाले नए खिलाड़ी हैं। मैं इस खेल जगत को इसकी गहराइयों से प्यार करता हूं मैं अभी भी ऐसा करता हूं। ये ऐसी चीज है जो मैं करना चाहता था। टायनस का पॉल से मुकाबला 8 राउंड का होगा और हर राउंड दो-दो मिनट का होगा। इसे टेक्सास की मुक्केबाज ईकाई ने मंजूरी दी है।

### गोल्डन बॉल ट्रॉफी चोरी हुई, नीलामी रोकना चाहते हैं

**ब्राजील,15 मई 2024।** महान फुटबॉलर डिएगो माराडोना के उत्तराधिकारी उस ट्रॉफी की नीलामी को रोकने की कोशिश करने के लिए मुकदमा



दायर करेंगे जो उन्हें 1986 विश्व कप में अर्जेंटीना की खिताबी जीत के बाद दी गई थी। उनके वकील ने यह जानकारी दी। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को गोल्डन बॉल ट्रॉफी दी जाती है। यह ट्रॉफी दशकों से गायब थी और हाल ही में दोबारा सामने आई।

अगुटेस ऑक्शन हाउस ने पिछले हफ्ते कहा था कि इसकी अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी। माराडोना का 2020 में 60 बरस की उम्र में निधन हो गया था। उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। उन्होंने मेक्सिको सिटी में फाइनल में पश्चिम जर्मनी पर 3-2 की जीत के दौरान अर्जेंटीना की कप्तानी की। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत में विवादास्पद 'हैंड ऑफ गॉड' गोल और 'सदी का सर्वश्रेष्ठ' गोल किया था।

# अब आप पीव्हीआर इनबॉक्स पर टी 20 वर्ल्ड कप मैच देख सकते हैं




**नई दिल्ली,15 मई 2024।** टी 20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 2 जून से होने जा रही है। इससे पहले भारत का सबसे बड़ा सिनेमा ऑपरेटर पीव्हीआर इनबॉक्स अपने फैंस को बड़ी खुशखबरी दे सकता है। क्योंकि, ये सिनेमाघर टी 20 वर्ल्ड कप के दौरान प्रमुख मुकाबलों को दिखाने पर विचार कर रहा है। कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी नितिन सूद ने बताया कि कंपनी अगले महीन से शुरू हो रहे टी 20 वर्ल्ड कप के बड़े मुकाबलों को दिखा सकती है। उनका मानना है कि भारत में बेहद लोकप्रिय टी 20 क्रिकेट पिछले साल अक्टूबर में हुए वनडे वर्ल्ड कप की तुलना में सिनेमाघरों में ज्यादा दर्शक खींचेगा।


टी 20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय खिलाड़ी आईपीएल 2024 के बीच ही अमेरिका के लिए रवाना हो सकते हैं। भारतीय टीम 24 मई को अमेरिका के लिए रवाना होगी। भारतीय टीम अलग-अलग बैच में उड़ान भर सकती है। ऐसे में पहले बैच में वह भारतीय खिलाड़ी शामिल होंगे जो आईपीएल प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाएंगे।

**टी 20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए टीम इंडिया स्क्वॉयड**

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

# वीवीएस लक्ष्मण नहीं बल्कि स्टीफन फ्लेमिंग बनेंगे भारतीय टीम के हेड कोच

» बीसीसीआई और सीएसके के दिग्गज के बीच हुई बात



**नई दिल्ली,15 मई 2024।** बीसीसीआई ने भारतीय टीम के हेड कोच के लिए आवेदन निकाले थे। इस बीच, बोर्ड ने चेन्नई सुपरकिंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग पर अपनी निगाहें गड़ा ली हैं और राहुल द्रविड़ के बाद उन्हें कमान सौंपनी पर विचार करना शुरू कर दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फ्लेमिंग इस पद के लिए सामने आ सकते हैं। टी 20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद राहुल द्रविड़ का बतौर मुख्य कोच कार्यकाल पूरा हो जाएगा। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, सीएसके के लिए फ्लेमिंग के लाजवाब रिकॉर्ड को देखते हुए उन्हें भारतीय टीम का नेतृत्व सौंप सकती है।

न्यूजीलैंड के दिग्गज स्टीफन फ्लेमिंग अपने देश की टीम के लिए भी कमाल की कप्तानी कर चुके हैं और सीएसके के लिए भी उन्होंने बतौर कोच कमाल का सय बिताया है। ऐसे में बीसीसीआई उनसे जाहिर तौर से प्रभावित है।

द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार आईपीएल के दौरान ही बीसीसीआई और फ्लेमिंग के बीत अनौपचारिक रूप से बातचीत की है। हालांकि, फ्लेमिंग ने अभी तक सीएसके को छोड़ने का मन नहीं बनाया है। फ्लेमिंग ने सीएसके को 5 आईपीएल खिताब और दो चैंपियंस लीग ट्रॉफी दिलाई हैं।

# शादी में रहकर किसी तीसरे को डेट कर रहे थे धनुष और ऐश्वर्या रजनीकांत



### दोनों ने ही की थी एक-दूसरे से चीटिंग, सिंगर का दावा

सिनेमा की मशहूर जोड़ी धनुष और ऐश्वर्या रजनीकांत 2022 में अलग हो गए और अंततः तलाक के लिए याचिका दायर कर दी। हालांकि इस जोड़े ने अपने तलाक के पीछे का कारण साझा नहीं किया है, लेकिन गायिका सुचित्रा ने एक चौंकाने वाला आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि धनुष और ऐश्वर्या ने अपनी शादी के दौरान एक-दूसरे को धोखा दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व जोड़ा एक साथ रहने के दौरान अन्य लोगों के साथ डेट पर जाता था। गायक, जिसके कई वर्षों से धनुष के साथ अच्छे संबंध नहीं हैं, ने ऐश्वर्या को एक बुरी माँ कहा, जबकि कहा कि धनुष अपने पिता के कर्तव्यों को पूरा कर रहे हैं।

### धनुष, ऐश्वर्या रजनीकांत ने एक दूसरे को धोखा दिया

सुचित्रा यूट्यूब चैनल कुमुदम के साथ एक साक्षात्कार में विभिन्न घोटालों पर चर्चा कर रही थीं जब धनुष और ऐश्वर्या की शादी का विषय सामने आया। ऐश्वर्या धनुष पर उसे धोखा देने का आरोप लगा रही है लेकिन उसने पूरी शादी के दौरान भी यही किया है। यह दोहरा मापदंड है, नहीं? ऐश्वर्या ने धनुष को धोखा दिया है, धनुष ने ऐश्वर्या को धोखा दिया है। वे ऐसे जोड़े हैं जो व्यवस्थित रूप से एक-दूसरे को धोखा दे रहे हैं।

जब मेजबान ने उनसे पूछा कि वह किस आधार पर आरोप लगा रही हैं, तो सुचित्रा ने कहा, उनके पास छोटी-छोटी बातें हैं। वे बार में बैठे हैं और उस व्यक्ति के साथ शराब पी है जिसके साथ वे डेटिंग कर रहे हैं। जब मेजबान ने तर्क दिया कि डेट पर जाना असामान्य नहीं है, तो सुचित्रा ने पूछा, जब आप शादी में होंगे, तो क्या आप डेट पर जाएंगे?

धनुष के साथ अपने मुद्दों के बावजूद, सुचित्रा ने कहा कि धनुष एक बेहतर माता-पिता हैं। उन्होंने रजनीकांत का जिक्र करते हुए कहा,मुझे उम्मीद है कि बच्चे अपने दादा के साथ रहेंगे। धनुष और ऐश्वर्या ने अभी तक इन दावों पर ध्यान नहीं दिया है।

इस बीच,पिछले महीने एक सूत्र ने बताया कि ऐश्वर्या और धनुष ने चेन्नई में तलाक के लिए अर्जी दी है। अलग होने के बाद से, वे अलग-अलग हैं और उपचार पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। स्रोत ने मनोरंजन पोर्टल को बताया उन्होंने आधिकारिक तौर पर चेन्नई में तलाक के लिए अर्जी दी है। अलग होने के बाद से वे एक साथ नहीं रह रहे थे और अलगाव से उबरने पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे। अब, उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की जरूरत महसूस हुई है, यही वजह है कि उन्होंने तलाक के लिए अर्जी दी है।

एक सूत्र ने बताया कि उन्होंने आपसी सहमति से तलाक के लिए अर्जी दी है। कोर्ट में कोई झगड़ा या नकारात्मकता नहीं होगी। अंदरूनी सूत्र ने कहा तलाक के लिए अदालत में कोई लड़ाई नहीं होने वाली है, या कोई कीचड़ उछालने वाला नहीं है। उन दोनों ने अपने जीवन की घटनाओं के साथ शांति बना ली है और स्वीकार कर लिया है कि वे एक साथ नहीं रह सकते। उनमें एक दूसरे के प्रति सम्मान है। यह एक सौहार्दपूर्ण प्रक्रिया होगी।

# शबाना आजमी को फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन खिताब से सम्मानित किया गया

अभिनेत्री शबाना आजमी को महिलाओं के अधिकारों के लिए खड़े होने और भारतीय सिनेमा में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन' के खिताब से सम्मानित किया गया है। आजमी (73) को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए पांच



राष्ट्रीय पुरस्कारों और छह फिल्मफेयर पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। वह वार्षिक 'यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल' (यूकेएएफएफ) में शामिल होने के लिए लंदन में थीं।सिनेमा में उनके 50 साल पूरे होने पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्हें पिछले सप्ताह एक समारोह में 'फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन' से सम्मानित किया गया। 'फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन' पुरस्कार लंदन या सार्वजनिक जीवन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्ति को दिया जाता है।आजमी ने कहा, ''मैं 'फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन' पुरस्कार पाकर बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह सिनेमा की शक्ति का प्रमाण है कि हम सीमाओं को पार करने और समाज पर सार्थक प्रभाव डालने में सक्षम हैं।''उन्होंने कहा, ''मुझे यह पुरस्कार दिए जाने पर मैं आभारी हूं और सकारात्मक बदलाव का समर्थन करने के लिए अपनी आवाज एवं मंच का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

# सैफ अली खान ने हाथ से हटवाया करीना के नाम का टैटू

### तस्वीर हुई वायरल,लोग बोले- लगता है तीसरी बैगम आने वाली है




सैफ अली खान ने अपने बाएं हाथ से अपनी पत्नी करीना कपूर खान के नाम का टैटू हटा दिया है। अभिनेता को 13 मई को मुंबई हवाई अड्डे पर देखा गया था, और करीना के नाम के स्थान पर त्रिशूल का टैटू बनवाया गया था। तस्वीरें अब वायरल हो रही हैं।

एयरपोर्ट पर सैफ अली खान ने जींस के साथ प्लेन ब्लू टी-शर्ट पहनी हुई थी। हालाँकि, जिस बात ने सभी का ध्यान खींचा वह यह थी कि उनके बाएं हाथ पर करीना का नाम नहीं लिखा था। इसके बजाय, वहाँ एक त्रिशूल का टैटू था करीना के नाम वाले टैटू का कवर-अप किया।

और यहां सैफ के टैटू की तुलना में अब उनके टैटू की एक करीबी झलक है। हालांकि, सैफ ने इस पर कोई सफाई साझा नहीं की है।

सैफ अली खान ने 2008 में करीना के नाम का टैटू बनवाया था। उन्होंने कहा कि यह उनकी प्रतिबद्धता दिखाने का एक तरीका था। उन्होंने तब कहा था, मैं कहना चाहता था, देखिए, मैंने यही किया है और यह एक बहुत गंभीर प्रतिबद्धता है। जब भी आप कैसानोवा कहेंगे तो मैं इसे आपके चेहरे पर लहरा सकता हूँ! मैं कहूंगा, लेकिन मैंने पहले ऐसा नहीं किया है।

सैफ और करीना ने 2012 में शादी की। वे अब तैमूर और जेह के माता-पिता हैं।

# 90 के दशक की सुपरस्टार थीं माधुरी दीक्षित, एक्ट्रेस के शादी करने पर टूट गए थे करोड़ों दिल



बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित आज यानी 15 मई को अपना 57वां जन्मदिन मनाई। 90 के दशक में अभिनेत्री माधुरी दीक्षित के हर किसी को अपना दीवाना बना लिया था। माधुरी दीक्षित एक बेहतरीन अदाकारा होने के साथ-साथ बेहद खुबसूरत हैं। उन्होंने अपने फिल्मी करियर में कई हिट फिल्मों में काम किया है। 90 के दशक में हर डायरेक्टर माधुरी को अपनी फिल्म में साइन करना चाहता था। वहीं शादी के बाद भी एक्ट्रेस फिल्मों और रियलिटी शो में काम कर रही हैं।

### जन्म

मुंबई के एक मध्यमवर्गीय महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण परिवार में 15 मई 1967 को माधुरी दीक्षित का जन्म हुआ था। उनके पिता पिता शंकर दीक्षित पेशे से इंजीनियर और मां स्नेहलता दीक्षित एक हाउसवाइफ हैं। माधुरी दीक्षित को बचपन से ही डांस का बहुत शौक था। जिस कारण महज 3 साल की उम्र से उन्होंने डांस की ट्रेनिंग लेनी शुरूकर दी थी। वहीं महज 9-10 साल की उम्र तक वह कथक में पारंगत हो चुकी थीं।

### ऐसे मिली पहली फिल्म

12 वीं की छुट्टियों में माधुरी कुछ नया करने की सोच रही थी। वहीं फिल्म अबोध के लिए राजश्री प्रोडक्शन किसी नए चेहरे की तलाश कर रहे थे। उस दौरान माधुरी स्कूल में प्ले और डांस किया करती थीं। वहीं माधुरी राजश्री से जुड़े एक शख्स की बेटी की दोस्त थीं। ऐसे में वह शख्स माधुरी को जानता था। इस तरह से वह माधुरी दीक्षित के घर फिल्म का ऑफर लेकर पहुंचे। लेकिन उनके परिवार ने फिल्म का ऑफर स्वीकार करने से साफ-साफ मना कर दिया। जिसके बाद राजश्री प्रोडक्शन को जैसे-तैसे ऑफिस लाने के लिए मनाया गया। वहीं पर उनसे हिंदी की कुछ लाइनें पढ़वाई गईं और फिर उनको स्क्रीन टेस्ट के लिए बुलाया गया। इस तरह से उनको अबोध फिल्म के लिए साइन कर लिया गया। हालांकि वह फिल्म कुछ खास कमाल नहीं कर पाई और वह फ्लॉप हो गई। जिसके बाद माधुरी वापस अपनी पढ़ाई करने लगीं। लेकिन अब तक उन्हें एक्टिंग का चस्का लग गया था। तो माधुरी ने 3-4 फिल्मों में काम किया, जो बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं कर पाई।कई फ्लॉप फिल्में देने के बाद एक्ट्रेस को सुभाष घई ने फिर एक मौका दिया और माधुरी को फिल्म राम-लखन के लिए कास्ट कर लिया। लेकिन एक्ट्रेस को असली पहचान फिल्म तेजाब से मिली। इस फिल्म ने माधुरी को रातों-रात स्टार बना दिया था। जिसके बाद उन्होंने लगातार राम लखन, दिल, साजन, बेटा, खलनायक, हम आपके हैं कौन, राजा और दिल तो पागल है जैसी नौ सुपरहिट फिल्में दीं। माधुरी दीक्षित को 17 बार फिल्मफेयर के लिए नॉमिनेट किया गया और वह 6 बार इस अवॉर्ड को जीतीं। एक्ट्रेस के लिए फैंस की दीवानगी का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं, जब उन्होंने डॉ राम नेने से शादी की घोषणा की, तो करोड़ों युवाओं का दिल टूट गया। हिंदी सिनेमा की सुपरस्टार माधुरी दीक्षित के लोगों की चाहत, ख़्वाब, दोस्त, महबूबा और उम्मीद बनकर लंबे समय तक दर्शकों के दिलों पर राज किया।

# एआर रहमान को याद आये अपने संघर्ष के दिन

एआर रहमान को संगीत उस्ताद के रूप में जाना जाता है। उनके गाने हमेशा बहुत खूबसूरत होते हैं और स्लमडॉग मिलियनेयर का संगीत कौन भूल सकता है? वह छह राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, दो अकादमी पुरस्कार, दो ग्रैमी पुरस्कार, एक बाफ्टा पुरस्कार और एक गोल्डन ग्लोब पुरस्कार के विजेता हैं। वैसे उनके पास कई फिल्मफेयर ट्रॉफियां भी हैं। उन्हें भारत के तीसरे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से भी सम्मानित किया गया है। एआर रहमान के गाने से कोई कभी निराश नहीं हो सकता है और हाल ही में, उन्होंने इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला के लिए अपनी रचना के साथ फिर से अपना जादू फैलाया। वह निस्संदेह भारत को मिले सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति हैं और कोई दूसरा एआर रहमान कभी नहीं हो सकता।



हाल ही में, उन्हें एक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इम्तियाज अली से अमर सिंह चमकीला के लिए अपने संगीत और मनोरंजन उद्योग में अपनी संगीत यात्रा के बारे में बात करते देखा गया था। एआर रहमान भावुक हो गए और उन्होंने खुलासा किया कि कैसे उनकी मां ही सबसे बड़ी वजह हैं कि उन्होंने संगीत की दुनिया में कदम रखा और अपना स्टूडियो स्थापित कर सके। उन्होंने कहा कि वह कभी कॉलेज नहीं गए और उन्हें लगा कि वह कुछ चीजें मिस कर रहे हैं और इसलिए उन्होंने 40 और 50 साल के लोगों के साथ रहना शुरू कर दिया, लेकिन वह सिर्फ 12 साल के थे।

गाने उनके नए पसंदीदा बन गए और उन्होंने कई नई चीजें सुनीं और एक नई दुनिया में प्रवेश किया। उन्होंने यह भी बताया कि जब वह अपना स्टूडियो शुरू करना चाहते थे तो उनके पास पैसे नहीं थे और वह कोई उपकरण नहीं खरीद सकते थे। हालाँकि, उनकी माँ के बलिदान ने उन्हें सफल बनाया।

# बीजापुर एलईडी ब्लास्टःनक्सलियों ने फिर किया धमाका

## बाल-बाल बचे थाना प्रभारी और आरक्षक...जांच जारी...

**बीजापुर,15 मई 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ का नक्सल प्रभावित जिला बीजापुर में एक बार फिर नक्सलियों ने दहशत फैलाने की कोशिश की है। यहां इसी बीच नक्सलियों ने एक बार फिर पुलिस की गाड़ी को निशाना बनाने की कोशिश की है। इस घटना की पुष्टि एसपी जितेंद्र यादव ने की है। यह मामला फरसेगढ़ थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार,इस ब्लास्ट से गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी है। फिलहाल इस मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि फरसेगढ़ थाना प्रभारी आकाश मसीह कार में सवार होकर बीजापुर जिला मुख्यालय के लिए रवाना हुए थे। तभी सोमनपल्ली और रानीबोदली के बीच गन्नम नाला के पास नक्सलियों ने आईडी ब्लास्ट किया। वाहन में थानेदार के साथ एक आरक्षक भी सवार था। हालांकि इस घटना में थानेदार और आरक्षक दोनों ही सुरक्षित हैं।






## अरनपुर में नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम,1 इनामी समेत 5 नक्सली को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**दंतेवाड़ा,15 मई 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल इलाकों में जारी नक्सलियों के आतंक के बीच दंतेवाड़ा में संयुक्त पुलिस बल को नक्सली उन्मूलन अभियान में बड़ी कामयाबी मिली। पुलिस द्वारा जांच के दौरान पांच नक्सलियों को हिरासत में लिया गया। इनमें महिला नक्सली पर 1 लाख रुपए का पुरस्कार घोषित किया गया था। पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने जानकारी में बताया कि पुलिस को गोपनीय सूचना मिली थी की अरनपुर क्षेत्र में मलांगीर एरिया कमेटी के नक्सली विचरण कर रहे हैं। इसके आधार पर जिला आरक्षी बल अरनपुर थाना बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 111 वीं वाहिनी यंग प्लाटून के संयुक्त दल को रवाना किया गया। पुलिस दल द्वारा अरनपुर से समेली मार्ग पर मोबाइल चेक पोस्ट लगाया गया। जांच के दौरान पांच संदिग्ध के व्यक्तियों से कड़ाई से पूछताछ की गई। जो मलांगीर एरिया कमेटी के सक्रिय नक्सली सदस्य थे। इनमें ईनामी महिला नक्सली मंगली मरकाम (25) निवासीपुर बुरगुम,आयता मरकाम (30),वीजा नुप्पो (30) निवासी रेवाली,योगा टाटी (20) बुरगुम व देवा नुप्पो (20) निवासी रेवाली को हिरासत में लिया गया। उक्त सभी द्वारा नक्सली संगठन में मिलिशिया और चेतना नाट्य मंडली सदस्य के तौर पर कार्य करना स्वीकार किया। उक्त सभी के खिलाफ अरनपुर थाना में अपराध पंजीबद्ध किए गए थे।

## पीड़िया मुठभेड़ को फर्जी बता रहे वहां के ग्रामीण



**रायपुर,15 मई 2024 (ए)।** बीजापुर,सुकमा और दंतेवाड़ा इन 3 जिलों की सीमा पर स्थित पीडिया गांव में 10 मई को हुई मुठभेड़ को कांग्रेस और सर्व आदिवासी समाज के लोग फर्जी बता रहे हैं। पुलिस पर आरोप लगाए गए हैं कि तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीणों पर पुलिस ने फायरिंग की है। मारे गए लोग ग्रामीण थे। वहीं, पुलिस ने 12 नक्सलियों के ढेर होने का दावा किया। इन पर 31 लाख रुपए का इनाम था।

गोलीबारी में उसी इलाके के 15 साल के नाबालिग लड़के को भी पैर में 3 गोलियां लगी हैं। उसका कहना है कि तेंदूपत्ता तोड़ने अपने दोस्तों और गांव वालों के साथ जंगल गया था। उसी समय गोलियां चलीं। वहां नक्सली नहीं थे। पुलिस ने दौड़ा-दौड़ा कर मारा है। नाबालिग ने कहा कि गोली लगने के बाद वह चट्टान के बीच छिप गया था। उसके साथ के लोग भाग गए थे। परिजन और गांव वालों ने कहा कि जब फायरिंग रुकी और फोर्स गांव से लौटी तो वे लोग नाबालिग को ढूंढ़ने निकले थे। जंगल में उसे काफी खोजा गया। वह चट्टान के पास बेसुध हालत में मिला था। जिसे खाट के सहारे अस्पताल लाया गया।

# छत्तीसगढ़ की 'गौरी' ने अपने 4 बच्चों को मार डाला

## 6 साल पहले छत्तीसगढ़ से गई थी झारखंड...खुद ही सो गई शावकों के उपर

**बिलासपुर,15 मई 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ से 6 साल पहले झारखंड ले जाई गई बाघिन गौरी ने अपने 4 शावकों को दबाकर मार डाला। रांची से लगभग 15 किमी दूर बिरसा जैविक उद्यान में बाघिन ने मारा है। बताया जा रहा है कि बच्चे मां के बेहद करीब चले गए थे, जिससे दबने से चारों की जान चली गई।



बता दें कि बाघिन गौरी ने 10 मई की आधी रात के करीब चार बच्चों को जन्म दिया था। बताया जा रहा है कि बाघिन की सीसीटीवी से मॉनिटरिंग भी की जा रही थी। इसके बाद भी ऐसी घटना हो जाना प्रबंधन पर सवाल खड़े कर रही है। बाघिन गौरी के प्रसव होने की जानकारी प्रबंधन को थी। इसके बाद से जिस केज में वह थी, वहां लगाए गए सीसीटीवी कैमरे से मॉनिटरिंग भी की जा रही थी। बिरसा जैविक उद्यान प्रबंधन की मानें तो जन्म के बाद सभी नवजात मां के काफी करीब आ गए। जब मां ने करवट बदली तो सभी शावक उसके नीचे दब गए। जब प्रबंधन को इस बात का पता चला तो वहां के कर्मी केज के भीतर जाकर देखा। बाघिन को बच्चों से दूर हटाया गया। तीन शावकों की वहीं मौत हो चुकी थी, जबकि एक शावक की सांस चल रही थी, लेकिन उसे भी जब तक संभाला जाता तब तक चौथे ने भी दम तोड़ दिया।

### इंटरनल हेंम्रेजेज होने की वजह से हुई मौत

गौरी ने पहली बार शावकों को जन्म दिया था और 11 मई की रात बाघिन अपने बच्चों पर ही लेट गई। जिस वजह से दम घुटने से मौत हो गई। जब जानकारी मिली तो एक बच्चे को निकाला गया। उसे दूध पिलाने की कोशिश की गई लेकिन इंटरनल हेंम्रेजेज होने की वजह से मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम के बाद 12 मई को जू के भीतर बने दाहगृह में शवों को जलाया गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मौत होने की बात सामने आई है। 6 साल पहले 2018 में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर चिड़ियाघर से लाया गया था। बिरसा जू में बाघों की संख्या में बढ़ोत्तरी की पहल के तहत इसे लाया गया था। वह पहली बार गर्भवती हुई थी। उसने पूरे 105 दिन के गर्भावस्था के पीरियड को पूरा करने के बाद बच्चों को जन्म दिया था। फ़िलहाल बिरसा जू में छह बाघिन हैं, जिसमें गौरी सहित अनुष्का, लक्ष्मी,कावेरी,कृष्णा और ताप्शी हैं। जबकि दो बाघ भी हैं और उनका नाम जावा और मलिक है।

### प्रबंधन की नाक के नीचे गई जान

बाघिन गौरी के प्रसव होने की जानकारी प्रबंधन को थी। उसने 10 मई को आधी रात में चार शावकों को जन्म दिया था। रात में सभी नवजात शावक मां के काफी करीब आ गए। जब मां ने करवट बदली तो उसके बच्चे नीचे दब गए और उनकी मौत हो गई। जब प्रबंधन को इस बात का पता चला तो उनके होश उड़ गए और बाघिन को बच्चों से दूर हटाया गया। लेकिन तब तक तीन बच्चों की मौत हो चुकी थी और एक बच्चे की सांस चल रही थी। लेकिन कुछ समय ने चौथे बच्चे ने भी दम तोड़ दिया। प्रबंधन की नाक के नीचे ऐसी घटना हो जाना प्रबंधन पर सवाल खड़े कर रही है। जबकि सीसीटीवी कैमरे से मॉनिटरिंग भी की जा रही थी।

### डॉक्टर बोलीं...चारों बच्चे थे स्वस्थ

बिरसा जू के डॉक्टर डॉ. ओपी साहू ने बताया कि, बाघिन गौरी ने पहली बार बच्चों को जन्म दिया था। 10 मई की रात 2 बजे उसने पहले शावक को जन्म दिया था। फिर एक के बाद चार शावकों का जन्म हुआ और सभी बच्चे सामान्य और स्वस्थ थे। यहां तक की एक बच्चे का वजन एक किलो था जबकि अन्य तीन का वजन 900 से 950 ग्राम के बीच था। सामान्य तौर पर मां अपने बच्चे का केयर खुद करती है। विषम स्थिति में ही बाहरी सपोर्ट दिया जाता है। 11 मई के पूरे दिन तक सब सामान्य था। चूंकि बाघ के बच्चे की आंख जन्म के 15वें दिन खुलती है। ऐसे में इन दिनों तक मां खुद केयर करती है और वह खुद ही दूध पिलाती है।

## शिक्षकों के प्रभावी प्रशिक्षण के लिए बनाए जाएंगे मानदंड

# प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्य सामग्री में होगा बदलाव

**रायपुर,15 मई 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में कक्षा 1 से 12वीं तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्य सामग्री में बदलाव होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए स्कूल शिक्षा सचिव ने बैठक ली। नवनियुक्त और सेवाकालीन शिक्षकों के प्रभावी प्रशिक्षण के लिए मापदंड बनेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत अशासकीय संस्थाओं द्वारा भी समर कैंप का आयोजन होगा।

स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में की गई अनुशंसा अनुसार छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा को ध्यान में रखकर कक्षा 1 से 12 वीं तक की पुस्तकों का शीघ्र निर्माण किया जाए। शिक्षा की गुणवत्ता के लिए प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने डीपीआई समग्र शिक्षा और एससीईआरटी तीनों के समन्वय से एक सप्ताह के भीतर रणनीति बनाकर प्रशिक्षण प्रारंभ करें।

उन्होंने एससीईआरटी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के त्वरित क्रियान्वयन के लिए शिक्षा गुणवत्ता,




प्रभावी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम निर्माण,पाठ्यचर्या निर्माण,वार्षिक कैलेंडर और शासकीय संस्थाओं की भूमिका को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय समग्र शिक्षा और एनसीईआरटी के अधिकारियों के साथ बैठक की। स्कूल शिक्षा विभाग के सभी प्रमुख निकायों के बेहतर समन्वय से ही शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाया जा सकता है। उन्होंने स्टेट करिकुलम फ्रेमवर्क के लिए स्टीयरिंग कमेटी की बैठक अशासकीय संस्थाओं के लिए रणनीति पाठ्य पुस्तक और प्रशिक्षण रणनीति एक सप्ताह में निर्धारित करने के निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप तहत कक्षा एक से बारहवीं तक पाठ्य पुस्तक नवंबर दिसंबर तक तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बुनियादी कार्य को प्राथमिकता प्रदान करने और अतिरिक्त कार्य जैसे छत्तीसगढ़ की अन्य भाषाओं बोलियां में सामग्री तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

सिद्धार्थ कोमल परदेसी ने आज सबसे ज्यादा फोकस प्रशिक्षण को प्रभावित प्रशिक्षण बनाने पर दिया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षकों और शिक्षकों के चिन्हांकन व चयन का मापदंड निर्धारित किया जाए। उन्होंने आवश्यकता आधारित वी परिणाम मूलक प्रशिक्षण,अवधि में वृद्धि किए जाने बच्चों में लीडरशिप और पर्सनालिटी डेवलपमेंट सहित महत्वपूर्ण विषयों को शामिल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में एससीईआरटी शिक्षा महाविद्यालय के अलावा प्रशासनिक कार्य करने वाले अधिकारियों अर्थात प्राचार्य स्तर की ट्रेनिंग छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी में भी अन्य शिक्षकों की ट्रेनिंग ठाकुर प्यारेलाल पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान जैसे शासकीय संस्थानों में भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के शिक्षकों की संख्या को ध्यान में रखते हुए जिले और ब्लॉक स्तर पर भी गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने 27 मई से सभी डाइट में व ब्लॉक मुख्यालय में 10 जून से प्रशिक्षण प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया की स्कूल खुलने से पहले ऐसा वार्षिक शैक्षिक कैलेंडर बनाया जाए जो शिक्षक रख सकें और पालक पढ़ सकें।

शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत अशासकीय संस्थाओं के कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए 33 जिलों में मैपिंग किए जाने के निर्देश भी दिए गए उन्होंने सभी अशासकीय संस्थाओं से समर कैंप लगाए जाने की अपील की है. उन्होंने राज्य में स्थापित होने वाले विद्या समीक्षा केंद्र पर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# चुनाव के बाद होगा विष्णु कैबिनेट का विस्तार,निगम मंडलों में भी होगी नियुक्ति

**रायपुर,15 मई 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद साय कैबिनट का विस्तार हो सकता है। इसके साथ ही ये भी कहा जा रहा है कि आचार संहिता खत्म होने के बाद निगम मंडलों में भी नियुक्तियां तेज हो जाएंगी। वहीं, अब निगम मंडल में नियुक्तियों को लेकर डिप्टी कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम का बड़ा बयान सामने आया है।

कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद निगम मंडल की नियुक्ति होगी। पूर्व सांसद, विधायकों और पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। हालांकि इस संबंध में पार्टी और संगठन के वरिष्ठ नेता मिलकर निर्णय लेंगे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री नेताम ने लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम और कांग्रेस के छत्तीसगढ़ के पांच सीट जीतने के दावे को लेकर कहा कि कांग्रेस के सारे मुगालते दूर हो जाएंगे। छत्तीसगढ़ की जनता ने मोदी के चेहरे और गारंटी में विश्वास जताया है। 11 की 11 सीट हम जीतेंगे। साय सरकार के काम की पूरे देश में चर्चा है।

दूसरी ओर लोकसभा चुनाव 2024 में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की जीत तय मानी जा रही है और कयास लगाया जा रहा है कि वो मंत्री पद से इस्तीफा देंगे। अगर बृजमोहन अग्रवाल मंत्री पद से इस्तीफा देते हैं तो साय कैबिनेट में दो नए मंत्रियों के लिए जगह बन जाएगी, क्योंकि पहले साय कैबिनेट में एक पद खाली है। ऐसे में साय कैबिनेट में आचार संहिता के बाद दो नए चेहरों को जगह मिल सकती है।




मीडिया जगत और लोगों के बीच लग रहे कयास की बात करें तो ये माना जा रहा है कि दुर्ग संभाग को एक और विधायक को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। इनमें दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर का नाम शामिल बताया जा रहा है। कहा ये भी जा रहा है कि पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, अजय चंद्राकर और राजेश मूणत की दावेदारी भी काफी मजबूत है। ये तीनों पहले ही मंत्रिमंडल का हिस्सा रह चुके हैं।

## वित्त विभाग ने विभागीय सचिवों को लिखा पत्र,बंद हुई योजनाओं की बचत राशि की मांगी जानकारी

**रायपुर,15 मई 2024 (ए)।** वित्त विभाग ने सभी विभागीय सचिवों से बंद हुई योजनाओं की बचत राशि की जानकारी मांगी है। और ऐसी रकम तत्काल शासन के खाते में ट्रांसफर करने कहा है। पत्र में लिखा है...वित्त विभाग के संज्ञान में आया है कि पूर्व में संचालित किन्तु वर्तमान में बंद विभिन्न योजनाओं के लिये प्राप्त राशि के विरूद्ध अव्ययित राशि बैंक खातों में शेष उपलब्ध है एवं उनका संधारण अभी भी राज्य एवं मैदानी कार्यालयों द्वारा किया जा रहा है। अतः वर्तमान में बंद योजनाओं के विरूद्ध बैंक खातों में शेष अव्ययित राशि तत्काल प्रभाव से राज्य शासन के खाते में जमा करते हुए संलग्न प्रपत्र में जानकारी संबंधित विभागाध्यक्ष को उपलब्ध करावें एवं प्रति वित्त विभाग को भेजें। विभागाध्यक्ष कार्यालय मैदानी कार्यालय की जानकारी एवं उसी योजना के राज्य स्तरीय खाते की जानकारी को भी एकजाई करते हुए वित्त विभाग के उपलब्ध करावें ।

## रांची में सीजी के भाजपाइयों ने संभाली चुनावी कमान

### पवन साय ने बैठक में कहा-अर्जुन की तरह लक्ष्य पर नजर रखें कार्यकर्ता

**रायपुर,15 मई 2024 (ए)।**

छत्तीसगढ़ की सभी सीटों पर लोकसभा चुनाव के बाद यहां के भाजपाइयों ने रांची में चुनावी कमान संभाली है। छत्तीसगढ़ के भाजपा महामंत्री संगठन पवन साय ने रांची में रांची लोकसभा के अंतर्गत रांची विधानसभा के सुखदेव नगर मंडल के शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक एवं सहसंयोजक की बैठक लेकर सभी 100 मतदान केंद्रों की चुनावी योजना बनाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता परिश्रम की पराकाष्ठा के साथ कार्य करता है। प्रचंड गर्मी में भी वह घर-घर जनसंपर्क करते हैं। साय ने कहा, भाजपा के देवतुल्य और ध्येयनिष्ठ कार्यकर्ताओं के



परिश्रम का परिणाम 4 जून को भाजपा को मिलने वाले प्रचंड बहुमत के रूप में सामने आएगा। इसके लिए सभी को अर्जुन की भांति लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उन्होंने कहा, विकसित भारत के संकल्प के साथ मतदान प्रतिशत बढ़े, इस ओर सभी कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता के साथ कार्य करना है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के कई सांसद, विधायक एवं पदाधिकारी व कार्यकर्ता इन दिनों झारखंड में लोकसभा चुनाव प्रचार में जुटे हैं. इस बैठक में प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, विधायक प्रबोध मिंज, कृष्णा राय,ओमप्रकाश सिन्हा, कमलभान सिंह,रायमुनी भगत,भरत सिंह समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकता उपस्थित रहे।

## कांग्रेस नेताओं को बताया मेंढक,मंत्री बोले-टर-करते हैं...

**रायपुर,15 मई 2024 (ए)।** प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कांग्रेस नेताओं को लेकर बड़ा बयान दिया है। हाल ही में सामने आए, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और प्रदेश के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए नेताम बोल गए कि कांग्रेसी तो टर-टराते रहते हैं। नेताम बारिश में निकलने वाले मेढ़कों से कांग्रेस नेताओं की तुलना करते हुए कह रहे थे। बुधवार को मीडिया की ओर से पूछे गए सवाल पर कृषि मंत्री ने बयान दिया। जब पूछा गया कि प्रदेश के कांग्रेस नेता रायबरेली में जोर लगा रहे हैं, दीपक बैज भाजपा प्रत्याशियों के हारने की बात कह रहे हैं, भूपेश बघेल राहुल गांधी को पीएम बनाने की बात कह रहे हैं। ये सुनकर कृषि मंत्री ने पलटवार करते हुए हुई बड़ा बयान दिया। नेताम बोले-कांग्रेस के लोगा मौसमी नेता हैं सब। मौसम के अनुसार यह लोग टर-टराते हैं। हमारी भारतीय जनता पार्टी के रूटीन में बाहों महीने काम चलते हैं। चुनाव हो तो भी, न हो तो भी। हम सब संगठन से जुड़कर के लगातार जन सरोकारों से संबंधित कामों को करते रहते हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)